

प्रेम विस्तार है, स्वार्थ संकुचन है। इसलिए प्रेम जीवन का सिद्धांत है। वह जो प्रेम करता है जीता है, वह जो स्वार्थी है मर रहा है। इसलिए प्रेम के लिए प्रेम करो, योंकि जीने का यही एक मात्र सिद्धांत है, वैसे ही जैसे कि तुम जीने के लिए सांस लेते हो।

स्वामी विवेकानंद

MPHIN/2009/34626
डाक पंजीयन क्रमांक
बालाघाट /दैनिक यशोन्नति / 2 /
2016-17

# यशोन्नति

दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लॉंग इन करें https:// dainikyashonnati. com
एप डाउनलोड करें

वर्ष 8+16 अंक 36 | प्रधान संपादक- राजेश अग्रवाल | yasonati@gmail.com | सिवनी गुरूवार 05 अ टूबर 2023 | संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी | मूल्य 1.50 पृष्ठ-4



पृष्ठ-2 सिवनी समाचार ..... पृष्ठ-3 बालाघाट समाचार पृष्ठ-4 मंडला समाचार .....


# राजनीति और धर्म का एक दूसरे से कोई संबंध नहीं - अविमुक्तेश्वरानंद जी

## शंकराचार्य जी ने जातिगत जनगणना की मांग को देश के लिए अशुभ संकेत बताया

सिवनी यशोः- राजनीति और धर्म दोनों का दूर दूर तक एक दूसरे से कोई संबंध नहीं है। यदि दोनों को एक दूसरे के साथ मिला दिया जायेगा तो उसका स्वरूप ही विकृत हो जायेगा। सनातन धर्म जैसा कोई दूसरा धर्म नहीं है। यह धर्म अपनी विशालता के लिए जाना और माना जाता है। जो भी सनातन धर्म को लेकर राजनीति कर रहा है वह केवल स्वयं उसके प्रचार प्रसार का माध्यम है। हिन्दू राष्ट्र की बातें बहुत पहले से की जाती रही है, हिंदू राष्ट्र बने इससे मैं भी सहमत हूं, किंतु उसका प्रारूप आज तक कोई बता नहीं पाया है। तुलसी पीठाधीश्वर रामभद्राचार्य जी ने ब्र हलीन गुरूजी पर जो टिप्पणी की थी उसे बाद में उन्होंने स्वयं गलती मानकर सुधार किया था। जातिगत जनगणना का जो मामला है वह आपस में भेदभाव बढ़ाने वाला ही साबित होगा।

उक्ताशय के उद्गार ज्योतिष पीठाधीश्वर जगतगुरू शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद जी महाराज ने आज ब्र हलीन शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद जी सरस्वती के परमशिष्य संजय भारद्वाज के निवास स्थान पर आयोजित पत्रकारवार्ता में व्यक्त करते हुए कहा कि राजनीति और धर्म दोनों का अपना अलग अलग क्षेत्र है। राजनीति में संविधान के अनुरूप धर्मनिरपेक्षता का पालन करना पड़ता है, जबकि धर्म एक ऐसी व्यवस्था है जो संबंधित स प्रदाय से जुड़ी होती है। यदि कोई राजनीति में धर्म का समावेश करता है, तो उसका उद्देश्य किसी न किसी स्वार्थ तक ही सीमित रहता है। साधु संतों का काम अपने अपने धर्मो के लोगों को मार्गदर्शन देने तक सीमित है। यदि वे राजनीति करने लगेगे तो निःसंदेह धर्म के मार्ग से भटक जायेगे।

सनातन धर्म पर तामिलनाडु के मंत्री उदयनिधि स्टालीन के द्वारा दिये गये विवादस्पद ब्यान पर महाराज श्री ने कहा कि सनातन धर्म के बारे में या तो उनका ज्ञान अधूरा है या फिर कोई न कोई राजनैतिक लाभ के लिए उन्होंने इस तरह का ब्यान दिया है। वैसे भी धर्म के मामले में राजनैतिक व्यक्तियों का आचरण ही अलग ही होता है। सनातन धर्म जैसा कोई दूसरा धर्म ही नहीं है। सनातन धर्म की विशालता अपने आप में ही एक वृहद परंपरा का स्वरूप है। सनातन का अर्थ है सदा रहने वाला।



इस अर्थ से ही सनातन की महत्वता का पता चल जाता है। हिन्दू राष्ट्र पर उन्होंने स्पष्ट किया कि वे भी इसके समर्थन में है किंतु सवाल यह है कि वर्षों से हिन्दू राष्ट्र की बात करने वाले आज तक उसका प्रारूप सामने नहीं ला पाये है। ऐसी स्थिति में अकेले हिन्दू राष्ट्र की बात कर देना और कोई विजन नहीं बताना बेमानी है। यदि बगैर किसी प्रारूप के हिन्दू राष्ट्र घोषित भी हो जाये तो उसका हर्ष वैसा ही होगा जैसा गंगा जी को राष्ट्रीय नदी घोषित करने के बाद हो रहा है।

जगतगुरू शंकराचार्य ने तुलसी पीठाधीश्वर रामभद्राचार्य जी के द्वारा ब्र हलीन शंकराचार्य स्वरूपानंद जी महाराज को कांग्रेसी बताने के बारे में कहा कि ब्र हलीन गुरूजी पर इस तरह का आरोप लगाना हास्याप्रद है, किंतु इस मामले में रामभद्राचार्य जी को बाद में स्वयं अहसास हो गया था कि यह विचार उनका गलत है और उन्होंने इस भूल को बाद में सुधारा भी। जब कोई भी व्यक्ति अपनी गलती मान ले और उसे सुधारे तब ऐसी परिस्थिति में बात का बतंगड बनाना बेकार है। जातिगत जनगणना की प्रदेशों से उठ रही मांग पर महाराज श्री ने कहा कि जातिगत जनगणना के आकड़े हमारे देश की एकता और अखण्डता के लिए खतरा भी बन सकते है। मेरे याल में जातिगत जनगणना केवल आपस में भेदभाव को ही बढ़ायेगी और यह देश के लिए शुभ संकेत नहीं होगा। नगर में संचालित संस्कृत पाठशाला के बंद हो जाने पर महाराज श्री ने कहा कि यदि स्थानीय लोगों का सहयोग मिलेगा तो वे इसे फिर से प्रारंभ करेंगे। उन्होंने शंकराचार्य स्त भ के लिये नगरपालिका परिषद द्वारा पारित प्रस्ताव पर परिषद का धन्यवाद ज्ञापित किया। महाराज श्री ने अंत में कहा कि गुरूजी की इस धरा से गुरूजी को जितना प्रेम था मुझे भी हमेशा उतना ही प्रेम रहेगा। ज्योतिष पीठाधीश्वर जगतगुरू शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद जी ने पत्रकार वार्ता के दौरान कहा कि सिवनी में एक संस्कृत पाठशाला थी परंतु अब नहीं है पुनः संस्कृत पाठशाला यहाँ प्रारंभ होगी तो यहाँ विद्वान आचार्यो की कमी पूर्ति होगी। अभी अध्ययन के लिये बच्चो को बाहर जाना पड़ता है जिसके लिये अभिभावक सहजता से तैयार नहीं होते इस कमी को यहाँ पाठशाला खोलकर पूर्ण करने पर विचार हो रहा है।

ज्योतिष पीठाधीश्वरजगतगुरू शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद जी ने यह बात स्पष्ट की कि आदि शंकराचार्य द्वारा स्थापित चारो मठो का संचालन आदि शंकराचार्य द्वारा बनाये गये मठमानाय महानुशासन से होता है और मठमानाय महानुशासन मठों का बायलॉंज होता है और इस के नियमों के अनुसार मठ के शंकराचार्य जब अपना शरीर त्याग देते है तो उसके तत्काल बाद नवीन आचार्य का अभिषेक करना होता है। शंकराचार्य पद पर उसी आचार्य को उत्तराधिकारी बनाया जाता है जो पवित्र हो वेद वेदांग का ज्ञाता हो सभी शास्त्रों में समन्वय बनाने में सक्षम हो जितेन्द्रीय हो और दण्डी स्वामी हो शंकराचार्य पद की गरिमा के अनुकूल उसका आचारण हो। महाराज श्री ने कहा कि हर पीठ के शंकराचार्य अपने शिष्यों में से योग्य आचार्य को अपना उत्तराधिकारी अपने जीवित रहने के दौरान चिन्हित कर लेते है जिसकी एक वसीयत बनायी जाती है और यह वसीयत एक प्रस्ताव होता है। इस प्रकार शकराचार्य पद पर पर आसीन होने के लिये शास्त्र स मत निर्णय लिया जाता है और परंपरा का निर्वाह भी किया जाता है। इसके साथ ही जिस पीठ के शंकराचार्य के शरीर का अंत होता है वहाँ बनने वाले नवीन शंकराचार्य की पदस्थी के पश्चात अन्य तीनों पीठों के शंकराचार्य की सहमति भी ली जाती है यदि तीनों शंकराचार्यो में असहमति होती है तो नवीन योग्य आचार्य को शंकराचार्य बनाया जाता है।

महाराज श्री ने यह भी स्पष्ट किया कि सन्यासी और गृहस्थ के शरीर छोड़ने पर सूतक विचार में अंतर होता है। सन्यासी और राजा के शरीर के अंत होने पर सूतक नहीं लगता जबकि गृहस्थ के शरीर के समाप्ति के साथ सूतक होता है तथा गृहस्थ की अंतिम यात्रा में शामिल होने के बाद पवित्र होने के लिये स्नान करना पड़ता है और सन्यासी और राजा के शरीर समाप्त होने पर सूतक नहीं लगता सन्यासी की अंतिम यात्रा में शामिल होने के बाद स्नान करने का पाप लगता है सन्यासी की अंतिम यात्रा में शामिल होने से व्यक्ति पवित्र होता है। इस पत्रकारवार्ता में अन्य साधु संतो के अलावा प्रिंट एवं इले ट्रानि स मीडिया के सभी प्रमुख पत्रकार उपस्थित थे। पत्रकारवार्ता के दौरान एक घटनाक्रम को लेकर महाराज श्री का आक्रोश पूर्ण व्यवहार से कुछ पत्रकार सहमत नहीं थे।

# काम किया काम करेंगे जन जन का स मान करेंगे - राकेश पाल सिंह

## केवलारी विधायक राकेश पाल सिंह विभिन्न भूमि पूजन के कार्यक्रमों में हुए शामिल

कान्हीवाड़ा यशोः- बुधवार04 अे टूबर को केवलारी विधानसभा क्षेत्र के मंडल कान्हीवाड़ा अंतर्गत ग्राम भोमा टोला में खेत सड़क योजना के तहत चूरामन के खेत से सूरज के खेत तक सड़क निर्माण कार्य का भूमि पूजन केवलारी विधायक राकेश पाल सिंह ने किया। इस सड़क की लंबाई 1.28 किलोमीटर होगी एंव इसकी लागत 19.97 लाख रुपये हैं। श्री पाल ने कहा कि यह सड़क भविष्य में सीमेंटीकृत होगी और सुविधायें बढायी जायेगी।

इसके पश्चात दोपहर 1 बजे केवलारी विधानसभा क्षेत्र के नगर केवलारी में जल संसाधन विभाग की जल प्रबंधन समिति व जल उपभोक्ता समिति की बैठक में विधायक राकेश पाल सिंह शामिल हुए।आने वाले दिनों में गेहूं की फसलों में लगने वाले सिंचाई के पानी का सुचारू रूप से प्रबंध हो सके इस बात पर बैठक में चर्चा की गयी उन्होंने कहा कि हर किसान भाई को सिंचाई हेतु पर्याप्त पानी मिल सके। इसकी चिंता की जाना चाहिये। सभी जल उपभोक्ता समिति अध्यक्ष की उपस्थिति में उनसे नहरों के व्यवस्थित संचालन हो सके सभी से उनके सुझाव लिया गये। जल संसाधन विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों को जल प्रबंधन को बनाये रखने का दिशा निर्देश दिया।

श्री पाल ने विधानसभा क्षेत्र के मंडल



कान्हीवाड़ा अंतर्गत ग्राम मोहगांव में मोहगांव से जुबान टोला की पक्की सड़क के निर्माण हेतु भूमि किया। इस सड़क की लंबाई 3.50 किलोमीटर है।इस पक्की सड़क का निर्माण के लागत 3 करोड़ 29 लाख की लागत से होगा।आवागमन हेतु ग्रामीण जनों को सुविधा होंगी। समस्त सड़को स्वीकृति हेतु हमारे मु यमंत्री मध्यप्रदेश के मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का धन्यवाद व्यक्त सभी ग्रामीण जनों ने किया। इसी प्रकार कान्हीवाड़ा मंडल अंतर्गत ग्राम जोरावरी में ग्राम जोरावरी से मलाजपुर से मार्ग के निर्माण कार्य का भूमि पूजन राकेश पाल सिंह किया। इस सड़क मार्ग की लंबाई 2.00 किलोमीटर होंगी। जिसकी निर्माण लागत 204.23 लाख रुपये होगी। ग्राम जोरावरी में ग्राम मलांजपुर से ग्राम जठलापुर मार्ग का ग्राम के बुजुर्गो एवं भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ भूमि पूजन विधायक राकेश पाल सिंह ने किया। इस सड़क मार्ग की लंबाई 2.50 किलोमीटर होंगी।इस सड़क मार्ग की लागत 243.25 लाख की लागत से निर्माण होगा। समस्त ग्रामीण जनों को आवागमन हेतु सुविधा प्राप्त होंगी केवलारी विधायक ने कहा कि मैने हमेशा अपने इस क्षेत्र में सेवक की तरह काम किया है और आप लोगों की सेवा मेरी प्राथमिकता रही है आप सभी ने मेरे ऊपर जो विश्वास किया है उस विश्वास पर खरा उतरने के लिये मै हमेशा प्रयास करता हूँ और आगे भी करता रहूंगा। समस्त ग्रामों ग्रामीण जनों की उपस्थिति रहीं।

### रानी दुर्गावती जयंती मनायेगी कांग्रेस आज

सिवनी यशोः- भारत की महान् वीरांगना गोंडवाना साम्राज्य की शासक महारानी रानीदुर्गावती जी की जयंती 5 अे टूबर 2023 दिन गुरूवार को दोपहर 12 बजे कार्यालय जिला कांग्रेस कमेटी इंदिरा भवन सिवनी में मनाई जायेगी। जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजकुमार खुराना ने सभी कांग्रेस जनों से जयंती कार्यक्रम में उपस्थिति हेतु अपील की है।

### ओलंपियाड परीक्षा 05 एवं 06 को

सिवनी यशोः- जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र, सिवनी द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि कले टर एवं सह जिला मिशन संचालक क्षितिज सिंघल के निर्देशन एवं मु य कार्यपालन अधिकारी सह जिला परियोजना संचालक श्री पवार नवजीवन विजय के मार्गदर्शन में 05 एवं 06 अे टूबर 2023 को प्रातः 10 बजे से दोप. 3.30 तक जिला स्तरीय ओलंपियाड परीक्षा का आयोजन, प्रत्येक विकासखण्ड मु यालय पर आयोजित होगी। उक्त परीक्षा में कक्षा 2 से कक्षा 8 तक के जनशिक्षा केन्द्रस्तरीय परीक्षा में चयनित 4160 बच्चें जिलास्तरीय परीक्षा में स मिलित होगें। समस्त परीक्षार्थियों की शतप्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने, परीक्षार्थियों को जनशिक्षा केन्द्र से परीक्षा केन्द्र तक सुरक्षित लाने-ले जाने हेतु परिवहन व्यवस्था तथा भोजन व्यवस्था की गई है।

# विधायक दिनेश राय मुनमुन ने किया 6 करोड़ 56 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन

**-बायर-सेलर मीट कार्यक्रम मे किया सहभागिता**

**-विधायक निधि से प्रदत्त जिम का किया लोकार्पण**

**-ग्राम भटमतरा मे युवाओं को दिलायी भाजपा की सदस्यता**

**-शंकराचार्य पार्क मे होने वाले कार्यो का भी किया भूमिपूजन**







सिवनी यशोः- बुधवार 04 अे टूबर को सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन द्वारा क्षेत्रांतर्गत 06 करोड़ 56 लाख की राशि के विकास कार्यो का भूमिपूजन एवं भटमतरा मे जिम का लोकार्पण किया। विधायक *दिनेश राय मुनमुन ने प्रात 09:30 बजे से दौरा आरंभ कर सिवनी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले विभिन्न ग्रामों मे 656.48 लाख के विकास कार्यो का भूमिपूजन किया। निर्धारित कार्यक्रम अनुसार विधायक दिनेश राय मुनमुन ने सर्वप्रथम प्रातः 10:00 बजे सिवनी विधानसभा क्षेत्र की जनपद पंचायत छपारा अंतर्गत आने वाले ग्राम केकड़ा पहुंचकर केकड़ा से धुंधीटोला ग्राम तक 19.00 लाख की लागत से निर्मित की जाने वाली ग्रेवल मार्ग निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। इसके पश्चात प्रातः 11:30 बजे ग्राम खैरनरा मे 23.08 लाख की खैरनरा से खैरमटाकोल तक सुंदूर सड़क मार्ग निर्माण, ग्राम रामगढ़ मे 23.00 लाख की रामगढ़ से जमुनिया तक ग्रेवल मार्ग, ग्राम भटमतरा मे 15.00 लाख की भटमतरा से पांडीवाडा तक ग्रेवल मार्ग भूमिपूजन उपरांत विधायक *श्री दिनेश राय मुनमुन* जी ग्राम बंधानी मे उद्यानिकी विभाग द्वारा आयोजित सिवनी ज बो सीताफल बायर-सेलर मीट कार्यक्रम मे अतिथि के रुप मे शामिल हुए।

इसके पश्चात विधायक श्री राय ने सांसद डा ढालसिंह बिसेन के साथ सिवनी नगरीय क्षेत्र के समीपस्थ बबरिया मे शंकराचार्य पार्क में 60.06 लाख की लागत से किये जाने वाले कार्यो का भूमिपूजन किया। तदोपरांत जनपद पंचायत सिवनी अंतर्गत ग्राम पंचायत डोरली छतरपुर मे 10.00 लाख की राशि से आंगनवाड़ी के लिए भवन एवं 15.00 लाख की लागत का मंगल भवन निर्माण कार्य, ग्राम पंचायत खैरी मे 08.62 लाख की मेन रोड से ग्राम खैरी तक सीसी मार्ग निर्माण, ग्राम पंचायत सीलादेही मे 15.00 लाख से श्री सिद्ध शनिधाम पहुंच मार्ग, ग्राम धतुरिया मे 52.00 लाख की सरगापुर से धतुरिया-हिवरा ग्रेवल मार्ग एवं लोनिवि सेतु निर्माण विभाग के अंतर्गत ग्राम खापा मे 415.72 लाख की लागत से खैरी मार्ग पर बैनगंगा नदी मे जलमग्नीय पुल निर्माण विकास कार्यो का पूर्ण विधि विधान से भूमिपूजन किया। इसके साथ ही विधायक श्री राय ने ग्राम भटमतरा मे सांसद डा ढालसिंह बिसेन जी की गरिमामय उपस्थिति मे युवाओं को भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण करवाया। तथा विधायक निधि से प्रदत्त जिम का लोकार्पण किया।

कार्यक्रम मे संबोधित करते हुए श्री राय ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार विकास को सर्वोपरि रखकर कार्य करती है और इसकी गति निरंतर जारी रहेंगी, तथा भाजपा की केन्द्र एवं प्रदेश की सरकार सभी वर्गो के हितों को ध्यान मे रखकर जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से लाभ पहुंचा रही है। कार्यक्रम के दौरान गांव-गांव मे विधायक श्री राय सहित समस्त अतिथियों की कलश लेकर भव्य आगवानी की जाकर फूलमालाओं से आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर संतोष अग्रवाल वरिष्ठ जिला भाजपा उपाध्यक्ष, ठाकुर महताब पटेल, श्रीमती किरण भलावी अध्यक्ष जनपद पंचायत सिवनी, राजीव ऊके भाजपा मंडल अध्यक्ष बीजादेवरी, ओम राजपूत भाजपा मंडल अध्यक्ष चमारी, अनिल बघेल भाजपा मंडल अध्यक्ष लखनवाड़ा, दिलीप सनोडिया भाजपा मंडल अध्यक्ष मुंगवानी, धीरसिंह श्याममिलन पांडे नितेन्द्र गुड्डु बघेल, सदम बरकडे शेख शहजादा कुरैशी, कमल अग्रवाल संजू मिश्रा जी, घनश्याम बघेल, मुकेश चंदेल जी, बेनीराम चंद्रवंशी जी जनपद सदस्य, अटल सिंह बघेल जी, राधेश्याम बघेल जी, हरिशंकर साहू जी सरपंच, दुर्गेश चक्रवर्ती जी भाजयुमो मंडल अध्यक्ष, चंदू बघेल जी, श्रीमती रेखा योगेश सनोडिया सरपंच, भोले बाबा शनि मंदिर, भरत सनोडिया, रु मणी सनोडिया, शारदा कश्यप, सुनीता सतनामी, मायादेवी कुमरे, रामदयाल ठाकुर, देवलाल, नारायण चौकसे, अतरसिंह बघेल, कांशीराम बघेल, सुनील झारिया, राकेश ठाकुर, प्रभात ठाकुर, प्रीतम, मिथलेश चौकसे, नूर अहमद, प्रदीप चौकसे, पुष्प कुमार चौकसे, अभिलाष अग्रवाल, श्रीमती सरोज सनोडिया सरपंच डोरली छतरपुर, गिरधारी सनोडिया, डा सुन्दर सनोडिया, पुरुषोत्तम सनोडिया सरपंच, नेपाल सनोडिया सरपंच, अनिल सनोडिया सरपंच, प्रताप बघेल, मुकेश बघेल, सुरेश सनोडिया, बृजेन्द्र बघेल श्रीकांत बघेल भाजयुमो मंडल अध्यक्ष लखनवाड़ा, विनोद यादव, पदम सनोडिया, दिनेश शर्मा, इंदू सूर्यवंशी, राजेश बघेल, उमा बघेल सरपंच, बैघनाथ बघेल राजा बघेल असाडू इनवाती सरपंच, सुनील दाहिया, परसराम सनोडिया, नितिन बघेल, कृपाल बघेल, पंजू चौधरी, सोनू महाराज, नरेश गिरी गोस्वामी, श्याम ब्र हवंशी, शंकरलाल उट्ठी, घनश्याम कौशले, काजू सल्लाम भाजयुमो मंडल अध्यक्ष बीजादेवरी, सीताराम सरवाती कलीराम गज्जाम, राधेलाल उइके सरपंच, कृष्णा तेकाम, कामता डहेरिया, बरातीलाल इनवाती, पन्नालाल इनवाती, धर्मेन्द्र डहेरिया नीलेश डहेरिया, अशोक उट्ठी, चन्द्रलाल डहेरिया बब्लू डहेरिया पीतेन्द्र डहेरिया, अज्जू धुर्वे, जितेन्द्र उइके, शमीम अंसारी, देवेन्द्र राठौर सहित भाजपा के जेष्ठ-श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं ग्रामीण जनों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों की गरिमामय उपस्थिति रही।

### जबरन नॉलेज



## सरकारी नौकरी में महिलाओं को 35% रिजर्वेशन, सीधी भर्ती में भी मिलेगा लाभ, नोटिफिकेशन जारी

भोपाल। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान और आचार संहिता से पहले मध्य प्रदेश की शिवराज सरकार ने एक और बड़ा फैसला किया है। केन्द्र द्वारा महिला आरक्षण बिल पास करने के बाद अब मध्य प्रदेश सरकार ने भी महिलाओं के हित में बड़ा फैसला किया है।इसके तहत अब मध्य प्रदेश में महिलाओं के लिए 35% सरकारी नौकरी में आरक्षण होगा।

**सरकारी नौकरी में अब महिलाओं को 30 की जगह 35% आरक्षण**

इसके अलावा सीधी भर्ती में भी महिलाओं को 35 फीसदी आरक्षण का लाभ मिलेगा।सीएम शिवराज सिंह चौहान की घोषणा के बाद सामान्य प्रशासन विभाग ने इस संबंध में नोटिफिकेशन जारी कर दिया है।हालांकि वन विभाग को छोड़कर 35त्न आरक्षण का फार्मूला सभी विभागों में लागू होगा। चुनाव से पहले महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सरकार का एक और बड़ा कदम माना जा रहा है। इस फैसले से सरकारी नौकरी में महिलाओं के लिए कोटा तय हो गया है।

**लाड़ली बहना कार्यक्रम में सीएम ने की थी घोषणा**

बता दे कि बीते दिनों सीएम शिवराज सिंह चौहान ने घोषणा करते हुए कहा था कि अभी तक पुलिस में बेटियों की भर्ती केवल 30% होती थी, अब इसे बढ़ाकर 35% कर रहा हूं। बाकी जितनी भी नौकरियां हैं उनमें भी 35% भर्ती बेटियों की होगी। शिक्षकों में 50% भर्ती बहनों की होगी। सरकारी पदों पर जो बड़ी पोस्ट हैं, उनमें भी 35 पर्सेंट नियुक्तियां महिलाओं की होगी, बहनों को प्रतिनिधित्व देने का काम करेंगे।

## आजीविका मिशन की बहने अब अबला नहीं सबला- मु यमंत्री चौहान

***अपनी बहनों और बेटियों का भला करने धरती पर आया**

***राज्य स्तरीय कार्यक्रम में स्व सहायता समूह की बहनों को 1400 स्कूटी और ऋण वितरित**

***महिला स्व-सहायता समूह स मेलन को किया संबोधित**



भोपाल । मु यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि आजीविका मिशन की बहने अब अबला नहीं सबला हो गई है। पहले स्त्री का काम घर में रोटी बनाना, अभाव में जीना और तकलीफ को दिल में दबा लेना होता था। लेकिन अब दिन बदल गए हैं। आजीविका मिशन की बहने कई जगह पुरुषों से बेहतर कार्य कर रही है। मु यमंत्री श्री चौहान जंबूरी मैदान में महिला स्व-सहायता समूह स मेलन और राज्य स्तरीय 1400 स्कूटी एवं ऋण वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि वह धरती पर अपनी बहनों और बेटियों का भला करने के लिए आए हैं। अब बहने गरीब नहीं रहेंगी, आंसू नहीं बहाएंगी। अपनी तकदीर अपने हाथों से लिखेंगी। अमीर बनेगी, पैसा कमाएंगी और इज्जत- स मान की जिंदगी जीयेंगी। बहनों का साथ शिवराज भैया कभी नहीं छोड़ेंगे। जब तक जीयूंगा अपनी बहनों से जुड़ा रहूंगा।

मु यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने पर्यावरण मित्र के रूप में कार्य करने के लिए महिला संकुल स्तरीय संगठनों की बहनों को 1400 स्कूटीयों का वितरण किया। मु यमंत्री श्री चौहान ने आशीष स्वरूप बहनों को अपने हाथों से हेलमेट पहनाया और शुभकामनाएं दी। ग्रामीण स्तर पर लोगों को पर्यावरण के लिए जागरूक करने के लिए ` लस्टर लेवल फेडरेशन का गठन किया गया है। इस फेडरेशन के सदस्यों को पर्यावरण मित्र का नाम दिया गया है। पर्यावरण मित्र वृक्षारोपण और जैव विविधता का संरक्षण करने, ग्राम में जैविक खाद की आवश्यकता की पूर्ति स्थानीय स्तर पर करने, रासायनिक कीटनाशकों की उपयोग में कमी लाने, प्राकृतिक खेती और जैविक खेती सहित भूमि एवं जल संरक्षण के उपाय के लिए प्रेरित करने का कार्य करेंगे।

मु यमंत्री श्री चौहान ने महिला स्व सहायता समूह की हितग्राहियों को ऋण राशि का बैंक चेक वितरित किया। भोपाल के कंचन स्व सहायता समूह की बहनों को 20 लख रुपए और रायसेन की मां लक्ष्मी आजीविका स्व-सहायता समूह की बहनों को 10 लख रुपए का चेक प्रदान किया। मु यमंत्री श्री चौहान ने नृत्य नाटिका प्रस्तुत करने वाली और गीत गाने वाली बहनों के साथ समूह चित्र भी खिंचवाया।

**बेटी को बोझ नहीं वरदान बनाएंगे**

मु यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि बेटी के जन्म पर सभी खुशियां मनाएं इसलिए लाड़ली लक्ष्मी योजना शुरू की। योजना में तय किया कि बेटी अगर पैदा होगी तो लखपति पैदा होगी। यह निश्चय किया कि बेटियों को बोझ नहीं वरदान बनाएंगे। बेटी पैदा हुई तो लाडली लक्ष्मी, स्कूल जाए तो किताबें निशुल्क, दूसरे गांव जाए तो साइकिल। इस तरह पढ़ाई की पूरी व्यवस्था और बड़ी होने पर शादी के जि मेदारी भी मु यमंत्री कन्यादान योजना में उठाई जा रही है।

प्रदेश में महिला सशक्तिकरण के प्रयासों को बताते हुए मु यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा प्रदेश की बहनों को निकाय चुनाव और शिक्षक भर्ती में 50% , पुलिस भर्ती में 30% और अन्य भर्तियों में 35त्न आरक्षण दिया जा रहा है। जमीन या मकान की रजिस्ट्री घर की महिला के नाम पर करने पर पंजीयन शुल्क में छूट दी जा रही है। लाड़ली बहना योजना से घर में इज्जत बढ़ी है। महिला स्वयं सहायता समूह की बहनों ने हर क्षेत्र में अपनी समर्थकता को सिद्ध किया है। जिस तरह टोल टै स वसूलने का कार्य स्व सहायता समूह की बहनों को दिया गया है इसी तरह आगामी समय भी अन्य कार्य भी स्व सहायता समूह की बहनों को दिए जाएंगे।

मु यमंत्री श्री चौहान ने जहां पुष्प वर्षा कर स्व सहायता समूह की बहनों का अभिवादन किया, वही बहनों ने मंगल गान गाकर मु यमंत्री श्री चौहान का स्वागत किया। स्व-सहायता समूह की बहनों को प्रेरित करते हुए मु यमंत्री श्री चौहान ने विभिन्न जिलों से वर्चुअली जुड़ी बहनों से संवाद किया। मु यमंत्री श्री चौहान ने जिला सागर से बहन सर्वश्री रश्मि शु ला, छिंदवाड़ा से लक्ष्मी, बालाघाट से ममता चौहान और सतना से जुड़ी राजकुमारी वर्मा से संवाद किया। उन्होंने बहनों से कुशलक्षेम पूछ उन्हें महिला सशक्तिकरण की दिशा में कार्य करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान आजीविका मिशन पर केंद्रित नृत्य नाटिका और नृत्य की प्रस्तुति दी गई। राज्य ग्राम आजीविका मिशन की वर्ष 2013 से 2023 तक की 10 वर्ष की यात्रा और उपलब्धियों पर केंद्रित फिल्म का प्रदर्शन किया भी गया।

इस अवसर पर अपर मु य सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास श्री मलय श्रीवास्तव और मु य कार्यपालन अधिकारी, ग्रामीण आजीविका मिशन श्री एम.एल. बेलवाल सहित विभागीय अधिकारी, स्व-सहायता समूह की सदस्य बहनें और बड़ी सं या में आमजन उपस्थित रहें।

## मृदा स्वास्थ्य संरक्षण के लिये प्राकृतिक खेती को अपनायें - कृषि मंत्री पटेल

**भारतीय मृदा विज्ञान सोसायटी का 87वाँ वार्षिक स मेलन हुआ**



भोपाल । किसान-कल्याण तथा कृषि विकास मंत्री श्री कमल पटेल ने भोपाल में भारतीय मृदा विज्ञान सोसायटी (ढ्ढस्स्स्) के 87वें वार्षिक स मेलन का शुभारंभ करते हुए कहा कि मृदा के बेहतर स्वास्थ्य के लिये प्राकृतिक खेती को अपनाया जाना जरूरी है। शुभारंभ अवसर पर डॉ. हिमांशु पाठक, महानिदेशक भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली डॉ. एस.के. चौधरी, डीडीजी एनआरएम आईसीएआर नई दिल्ली उपस्थित थे।

कृषि मंत्री श्री पटेल ने कहा कि प्राकृतिक खेती सभी के स्वास्थ्य के लिये लाभप्रद है। रासायनिक उर्वरकों के इस्तेमाल से बेशक उत्पादन बंपर हुआ है, किंतु इसके नकारात्मक परिणाम भी हम सबके सामने हैं। रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक उपयोग के कारण न केवल मृदा की उर्वरा शक्ति खत्म होती है, बल्कि उत्पादित अन्न, फल और सब्जियाँ मनुष्य के स्वास्थ्य के लिये घातक होती है। मंत्री श्री पटेल ने वैज्ञानिकों से आह्वान किया कि इस प्रकार की नवीन तकनीक इजाद की जाये, जिसके उपयोग से प्राकृतिक खेती को बढ़ावा मिले। इससे मनुष्य के साथ ही मृदा के स्वास्थ्य को भी संरक्षित किया जा सकेगा।

महानिदेशक, आईसीएआर डॉ. पाठक ने इंडियन सोसाइटी ऑफ सॉइल साइंस द्वारा किए गए कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि यह एकमात्र सोसाइटी है, जो समर्पित प्रयासों के साथ 87 वर्षों से लगातार काम कर रही है। उन्होंने आशा की कि मृदा विज्ञान के प्रासंगिक क्षेत्र में नए उत्साह के साथ काम जारी रहेगा। उन्होंने मृदा स्वास्थ्य कार्ड के दूसरे चरण, उर्वरक अनुसंधान पर उत्कृष्टता केंद्र, अधिक सटीक और शुरू करने पर जोर दिया।

डीडीजी, एनआरएम डॉ. चौधरी ने जलवायु परिवर्तन शमन, जलवायु लचीला कृषि के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने मृदा स्वास्थ्य और मृदा शिक्षा में समाज की भूमिका पर भी जोर दिया। उन्होंने मृदा अनुसंधान के लिए कृषि के कुछ विशिष्ट क्षेत्रों की आवश्यकता पर भी बल दिया। आईसीएआर-आईआईएसएस भोपाल के निदेशक डॉ. एसपी दत्ता ने जीवित प्राणियों के अस्तित्व के लिए मिट्टी की भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि मिट्टी एक मूल्यवान संसाधन है और मिट्टी की एक इंच परत बनने में लगभग हजारों साल लग जाते हैं।

समारोह में डॉ. पाठक को मृदा विज्ञान के क्षेत्र में आजीवन अनुसंधान योगदान के लिए वर्ष 2023 के लिए भारतीय मृदा विज्ञान सोसायटी की मानद सदस्यता, डॉ. चौधरी को एकीकृत मिट्टी और जल प्रबंधन के लिए प्रौद्योगिकियों के विकास के लिए इंडियन सोसाइटी ऑफ सॉइल साइंस वर्ष 2023 की मानद सदस्यता, डॉ. डी.आर. बिस्वास को प्लेटिनम जुबली स्मरणोत्सव पुरस्कार प्रदान किया गया। डॉ. पी.पी. महेंद्रन, डॉ. एम.वी.एस. नायडू, डॉ. आरएम कर्माकर, डॉ. एस.के. गंगोपाध्याय को इंडियन सोसाइटी ऑफ सॉइल साइंस के फेलो के रूप में शामिल किया गया। डॉ. रितेश साहा को डॉ. जे.एस. कंवर ङ्गढ्ढढ्ढ इंटरनेशनल कांग्रेस ऑफ सॉयल साइंस कममोरेशन अवार्ड मिला। डॉ. निंटू मंडल और डॉ. गोपाल रामदास महाजन को स्वर्ण जयंती स्मृति युवा वैज्ञानिक पुरस्कार मिला।

## पुलिस को मिली बड़ी सफलता, अवैध हथियार सहित 17 शातिर बदमाशों को किया गिर तार

जबलपुर। विधानसभा चुनाव के मद्देनजर जबलपुर पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। जबलपुर पुलिस ने ऑपरेशन शिकंजा के तहत 17 शातिर बदमाशों को गिर तार कर हथियारों का जखीरा जब्त है। दरअसल क्राइम ब्रांच को मुखबिर से सूचना मिली थी कि खरगौन जिले से कुछ लोग अवैध हथियारों की सप्लाई जबलपुर में कर रहे हैं, जिस पर क्राइम ब्रांच ने अपने नेटवर्क को ऐं टव किया और जबलपुर शहर के साथ-साथ ग्रामीण इलाकों में नज़र रखनी शुरू की। इस दौरान क्राइम ब्रांच को 1 या 2 नहीं बल्कि पूरे 17 ऐसे शातिर बदमाशों के बारे में पता चला, जो अवैध हथियारों को खरीदते थे और फिर उन्हें अन्य अपराधियों को बेचते थे। इसके बाद पुलिस ने शहर और ग्रामीण इलाकों के मिलाकर 9 थानों की पुलिस ने अवैध हथियारों की जानकारी साझा की और फिर अलग-अलग थाना क्षेत्रों में दबिश देकर 17 बदमाशों को गिर तार किया। क्राइम ब्रांच के साथ संयुक्त रूप से की गई। इस कार्रवाई में पुलिस को गिर तार बदमाशों से 10 देसी पिस्तल , 4 कट्टा , 3 रिवॉल्वर और 21 कारतूस मिले। पुलिस के मुताबिक पकड़े गए बदमाश खरगौन जिले के सिलगिरी लोगों से हथियारों का कारोबार करते हैं। इस पूरे नेटवर्क को निस्तेनाबूत करने के लिए खरगौन पुलिस को भी इसकी सूचना दी गई है।

## रातभर शिवलिंग से लिपटा रहा नाग, मंदिर में लगी लोगों की भीड़, वीडियो वायरल



सागर। देवरी के पटनाखुर्द गांव में आस्था से जुडा एक वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो में शिवलिंग से नाग लिपटा दिख रहा है, इस घटना को देखकर लोगों ने भोलेनाथ के जयकारे लगाना शुरू कर दिया। वायरल वीडियो पटनाखुर्द के द्वादश ज्योतिर्लिंग मंदिर का है, जहा एक पदमधारी काला नाग पूरी रात शिवलिंग और उसके आसपास बना रहा।

**मंदिर लगी लोगों की भीड़**

इस दौरान बड़ी सं या में मंदिर के आसापास लोगों की भीड़ भी लग गई। लेकिन इसका नाग पर कोई असर नही हुआ और वह इतमीनान से शिवलिंग पर लिपटा रहा। खासबात यह रही कि नाग ने किसी भी व्यक्ति को नुकसान नहीं पहुचांया।

**वीडियो हो रहा वायरल**

स्थानीय लोगों ने शिवलिंग और नाग देवता की फोटोग्राफी कर कुछ वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट किए थे, जो अब वायरल हो रहे हैं। लोग इस घटनाक्रम को आस्था से जोडकर देख रहे हैं। शिवलिंग पर पूरी रात लपटे रहने के बाद सुबह नाग देव कहा चले गये किसी ने नहीं देखा।

**हिंदू धर्म में नागों का विशेष महत्व**

हिंदू धर्म में नागों का विशेष महत्व होता है, स्वंय भगवान शंकर अपने गले में नाग धारण किए हुए हैं। हिंदू धर्म में नागों की देवता की उपाधि दी गई है। लोग इनकी पूजा करते हैं। इसलिए अब इस घटनाक्रम से लोगों के मन में आस्था का भाव प्रकट हुआ और बड़ी सं या में लोग इस घटना को देखने मंदिर पहुंच गए।

## गौवंश भरण-पोषण के लिए 52 करोड़ जारी

भोपाल । मध्यप्रदेश गौ-संवर्धन बोर्ड कार्य परिषद के अध्यक्ष स्वामी अखिलेश्वरानन्द गिरि ने बताया कि गौशालों में संरक्षित गौवंश के भरण-पोषण के लिए द्वितीय त्रैमास की 52 करोड़ रूपये की राशि जिला समितियों को जारी कर दी गई है। उन्होंने किसानों से नरवाई न जलाने की अपील करते हुए कहा कि प्रायः देखा गया है कि हरवेस्टर से खेतों में कटाई करने के बाद शेष नरवाई जला दी जाती है। इससे नुकसान ही नुकसान है। पर्यावरण प्रदूषण के साथ भूमि की उर्वरकता में कमी आती है और गौवंश के लिए चारा-भूसा काफी मंहगी दरों पर मिलता है। चारा-भूसा की पार्याप्त उपलब्धता के लिए गौसंवर्धन बोर्ड और कृषि अभियींत्रिकी विभाग ने गौशालाओं की मांग के अनुसार 62 गौशालाओं को भूसा निर्माण के लिए स्ट्रीपर खरीदने के लिए आर्थिक सहायता दी गई है।

स्वामी अखिलेश्वरानन्द गिरि ने बताया कि गोबरधन योजना में चयनित 7 गौशालाओं में गोबर गैस प्लांट की स्थापना की जा रही है। देवास जिले के उप जेल ग्राम राजौदा, सतना जिले की रामसुनाम गौवंश सेवाधाम और दमोह जिले का जरारूधाम गौ अ यारणय में निर्मित संयंत्र सफलता पूर्व कार्य कर रहे है। गोबर गैस से प्राप्त बायोगैस का उपयोग गैस ईधन के रूप में रसोई में और शेष ऊर्जा का उपयोग बिजली उत्पादन के लिए किया जा रहा है। संयंत्र से प्राप्त स्लरी का उपयोग वर्मीक पोट और जैविक खाद निर्माण में किया जा रहा है।

# लघु समाचार पत्रों को मिलेगा हर दो माह में विज्ञापन

**70 वर्ष से अधिक आयु के पत्रकारों को स्थायी अधिमान्यता कार्ड मिलेगा**

**महिला पत्रकारों को महिला कल्याण कार्यों के अध्ययन के लिए मिलेगी फैलोशिप**

**मु यमंत्री चौहान ने आधुनिक और देश में अनूठे भोपाल स्टेट मीडिया सेंटर के निर्माण के लिए किया भूमिपूजन**

भोपाल । मु यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि पत्रकार समाज और सरकार के मध्य सेतु की भूमिका निभाते हैं। पत्रकार समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति की आवाज होते हैं। पत्रकारिता एक धर्म है, जिसके निर्वहन के लिए पत्रकार युद्ध, बाढ़, भूक प जैसी विपरीत स्थितियों में भी जीवन दांव पर लगाकर कार्य करते हैं। जब विपत्तियों में लोग सुरक्षित स्थान खोजते हैं, तब पत्रकार समाधान खोजते हैं। स्टेट मीडिया सेंटर भविष्य के ऐसे वृट वृक्ष के बीज रोपे जा रहे हैं, जिनसे अनुभवों की शाखाओं पर अनंत आशाएं साकार होंगी।

मु यमंत्री श्री चौहान आज मालवीय नगर भोपाल में स्टेट मीडिया सेंटर के लिए भूमि पूजन समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर जनसंपर्क मंत्री श्री राजेंद्र शु ला, आयुक्त जनसंपर्क श्री मनीष सिंह उपस्थित थे।

मु यमंत्री श्री चौहान ने लघु समाचार पत्रों को एक माह के अंतराल से विज्ञापन जारी करने और 70 वर्ष से अधिक आयु के पत्रकारों को स्थायी अधिमान्यता कार्ड प्रदान करने की घोषणा की। हर साल पांच महिला पत्रकारों को महिला विकास कार्यों पर अध्ययन के लिए फैलोशिप प्रदान की जाएगी। मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि पत्रकार समाज को प्राप्त वो आश्वासन है, जिनके होने से सुनवाई सुनिश्चित है। राष्ट्र निर्माण में पत्रकारों के स्याही का अमूल्य योगदान है।

मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि पत्रकार और पत्रकारिता लोकतंत्र के प्राण हैं। मध्यप्रदेश की भूमि से पंडित माखनलाल चतुर्वेदी पत्रकारिता के पुरोधा बने। इसी धरती पर श्री हरिशंकर परसाई जैसे व्यंग्यकार हुए जिन्होंने समाज को आईना दिखाने का कार्य किया। स्व. श्री वेदप्रताप वैदिक ने हिंदी की प्रतिष्ठा के लिए कार्य किया। स्व. श्री प्रभाष जोशी ने नई भाषा दी। एक दौर था जब स्वतंत्रता आंदोलन में पत्रकारों ने भागीदारी की और परतंत्रता की बेड़ियां तोड़ने का कार्य किया। आपातकाल के खिलाफ भी पत्रकार लड़े। कोविड के कठिन दौर में पत्रकारों ने अपना दायित्व निभाया। पत्रकार समाजसेवी भी होते हैं, उनका सरोकारों से ऐसा रिश्ता होता है, जैसे शरीर और आत्मा का रिश्ता।



**मीडिया सेंटर बनेगा पत्रकारिता के छात्रों का गुरूकुल**

मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि आज इले ट्रानिक और सोशल मीडिया के दौर में कहीं-कहीं विश्वसनीयता का संकट देखने को मिलता है। संवाद, संचार और स पर्क पत्रकारिता के प्राण होते हैं। मु यमंत्री श्री चौहान ने आशा व्यक्त की कि स्टेट मीडिया सेंटर इन पत्रकारों के संवाद, खबरों के संचार और हमारे स पर्क का केन्द्र बनेगा। यह केन्द्र पत्रकारिता के छात्रों का गुरूकुल बनेगा। यह केन्द्र वरिष्ठों के अनुभवों और युवाओं की ऊर्जा का उपयोग करेगा। साथ ही पुराने घर की स्मृतियां भी संजोएगा।

**पुराने भवन की यादों के साथ नए आंगन में प्रवेश**

मु यमंत्री श्री चौहान ने पत्रकार भवन की नींव रखने वाले पुरोधा पत्रकारों का स्मरण भी किया और इस पत्रकार भवन में एक युग में पत्रकारों से भेंट और पत्रकार वार्ता आयोजित करने के अपने अनुभव भी साझा किए। मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि गत 7 सित बर को उन्होंने मु यमंत्री निवास में पत्रकार समागम में इस मीडिया सेंटर के संबंध में घोषणा की थी जिसे आज मूर्त रूप देते हुए भूमिपूजन का कार्य स पन्न हुआ है। अब पत्रकार बंधु इस मीडिया सेंटर के रूप में पुराने पत्रकार के भवन की यादों के साथ नए आंगन में प्रवेश करेंगे। पत्रकार भवन के पुनर्निर्माण का सपना पूरा होगा। मु यमंत्री श्री चौहान ने प्रदेशभर से पधारे पत्रकारों को स्टेट मीडिया सेंटर के शिलान्यास अवसर पर बधाई और शुभकामनाएं दीं।

**जिलों में पत्रकारों को भूखंड प्रदान करने की चल रही है कार्यवाही - जनसंपर्क मंत्री शु ल**

जनसंपर्क मंत्री श्री राजेंद्र शु ल ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि आज स्टेट मीडिया सेंटर के शिलान्यास में प्रदेश भर से पत्रकार आए हैं। पत्रकार लोकतंत्र को वरदान बनाने का कार्य करते हैं। उन्हें मूलभूत सुविधाएं प्राप्त होना चाहिए। मु यमंत्री श्री चौहान ने प्रदेश को बीमारू प्रदेश होने की पहचान को समाप्त कर तेजी से विकास कर रहे प्रदेश की पहचान दी है। अब हम नहीं जमाना कहता है कि मध्यप्रदेश विकसित प्रदेश में शामिल हो रहा है। उन्होंने समय-समय पर सभी वर्गों के हित में कदम उठाए हैं। मु यमंत्री श्री चौहान ने पत्रकारों के लिए भी स्वास्थ्य बीमा योजना लागू की जिससे अनेक परिवारों को राहत मिली। गत 7 सितंबर को मु यमंत्री निवास में पत्रकार समागम में स्टेट मीडिया सेंटर प्रारंभ करने के साथ पत्राकारों कोजिला स्तर पर भूखंड प्रदान करने की घोषणा की थी। जिलों में पत्रकारों को भूखंड प्रदान करने के लिए आवश्यक कार्यवाही भी प्रारंभ हो गई है। जनसंपर्क विभाग के अधिकारियों को भी लंबे समय से उच्च पद के प्रभार के लिए पात्र अधिकारियों और नये सहायक संचालकों को लंबित वार्षिक वेतन वृद्धि का लाभ दिया जायेगा।

**वरिष्ठ पत्रकारों को स मान निधि**

मु यमंत्री श्री चौहान ने आज स्टेट मीडिया सेंटर के शिलान्यास समारोह में प्रदेश के 10 वरिष्ठ पत्रकारों को बढ़ी हुई स मान निधि प्रतीक स्वरूप प्रदान की। उल्लेखनीय है कि प्रतिमाह 10,000 के स्थान पर अब 20,000 की राशि का भुगतान स मान निधि के अंतर्गत जनसंपर्क विभाग द्वारा किया जा रहा है।

### मु यमंत्री की अहम घोषणाएं

*** मध्य प्रदेश में महिला विकास एवं कल्याण के कार्यों पर अध्ययन करने के लिए माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता विश्वविद्यालय एवं संस्थान द्वारा जनस पर्क विभाग के सहयोग से प्रतिवर्ष 5 महिला पत्रकारों को फैलोशिप दी जाएगी।**

*** प्रदेश में अब 1 महीने के अंतराल से हर छोटे समाचार-पत्र को विज्ञापन देने की व्यवस्था की जाएगी।**

*** प्रदेश के 70 साल से अधिक की आयु वाले वरिष्ठ पत्रकारों को स्थायी अधिमान्यता कार्ड दिया जायेगा।**

*** जनसंपर्क विभाग के अधिकारियों को वरिष्ठ पद के प्रभार के आदेश जारी किए जा रहे हैं।**

*** सहायक संचालक पद पर कार्य कर रहे अधिकारियों की जो वेतन वृद्धि देय है उसके भी आदेश जारी किये जा रहे हैं।**

मु यमंत्री श्री चौहान ने आज स्टेट मीडिया सेंटर के शिलान्यास समारोह में प्रदेश के जिन वरिष्ठ पत्रकारों को स मान निधि प्रदान की उनमें विजय दत्त श्रीधर भोपाल, ओम प्रकाश फरे या इंदौर, परमानंद तिवारी जबलपुर, देव श्रीमाली ग्वालियर, अंजनी कुमार शास्त्री रीवा, राजेंद्र पुरोहित उज्जैन, सिद्ध गोपाल तिवारी सागर, कमलेश सिंह परिहार चंबल, पंकज पटेरिया नर्मदापुरम और रामावतार गुप्ता शहडोल शामिल हैं। मु यमंत्री चौहान ने पत्रकार भवन परिसर में अनुष्ठान और विधि-विधान पूर्वक स्टेट मीडिया सेंटर के निर्माण के लिए भूमिपूजन किया। उन्होंने शिला पट्टिका का अनावरण भी किया। मंचीय कार्यक्रम का शुभारंभ कन्या पूजन से हुआ। मु यमंत्री श्री चौहान ने मंच पर आते ही प्रदेश के सभी जिलों से आये समस्त पत्रकार बंधुओं का स्वागत किया। मु यमंत्री श्री चौहान ने पौधा भेंट कर वरिष्ठ पत्रकारों को स मानित भी किया। कार्यक्रम में स्टेट मीडिया सेंटर की विशेषताओं और पत्रकार कल्याण पर केन्द्रित लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया।

**प्रत्येक जिले के पत्रकारों से मिले मु यमंत्री श्री चौहान**

स्टेट मीडिया सेंटर के भूमिपूजन के औपचारिक कार्यक्रम के पश्चात मु यमंत्री श्री चौहान ने प्रदेश के जिलों से पधारे प्रिंट मीडिया, इले ट्रानिक मीडिया, सोशल मीडिया से जुड़े पत्रकारों, टी.वी. कैमरा पर्सन और प्रेस छायाकारों से भेंट कर संवाद किया। मु यमंत्री श्री चौहान पत्रकारों के साथ भोजन में शामिल हुए।

**कैसा होगा स्टेट मीडिया सेंटर**

भोपाल में स्टेट मीडिया सेंटर का निर्माण 28 करोड़ रुपए की लागत से होगा। यह सर्व सुविधा युक्त मीडिया सेंटर होगा। इस सेंटर में निर्माण एजेंसी मध्यप्रदेश भवन विकास निगम है। अगले दो वर्ष में निर्माण पूर्ण करने का लक्ष्य है। कुल 66 हजार 981 वर्गफीट में तीन मंजिल के भवन में लोअर ग्राउण्ड लोर पर वाहन पार्किंग, ड्रायवर्स रूम, मेंटेनेंस रूम, बैंक, शॉप्स और डिस्पेंसरी निर्माण होगा। ग्राउण्ड लोरपर ऐ जीबिशन हॉल, आर्ट गैलरी, मिनी ऑडिटोरियम, प्रेस कॉन्फ्रेंस कक्ष, प्रशासनिक कक्ष, रिसेप्शन कक्ष, कॉरीडोर, बैंक्वेट हॉल, बैंडमिंटन कोर्ट, रेस्टारेंट, टेरिस गार्डन होंगे। प्रथम मंजिल पर लायब्रेरी, प्रेस कॉन्फ्रेंस हॉल, मल्टी मीडिया रूम, लाउन्ज, जि नेशियम और इन्डोर गेम हॉल होगा। दूसरे मंजिल पर ओपन टेरिस, वर्किंग स्पेस, केबिन मिनी मीटिंग रूम, ` यूबिकल वर्क स्टेशन होंगे। तीसरी मंजिल पर पत्रकारों के लिए वर्क स्पेस, न्यूज और मीडिया के ऑफिस स्पेस रहेगा।

# मु यमंत्री चौहान ने लाड़ली बहना योजना अंतर्गत 1.31 करोड़ बहनों के खाते में 1597 करोड़ की राशि अंतरित की

## मु यमंत्री लाड़ली बहना योजना से जिले की 280485 महिलाए भी हुई लाभांवित, मिले 1250 रूपये



सिवनी यशोः- मध्यप्रदेश में महिला सशक्तिकरण की दिशा में महिलाओं के आर्थिक स्वालंबन, उनके स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सतत् सुधार एवं परिवार के निर्णायों में उनकी भूमिका सुदृढ करने हेतु राज्य शासन द्वारा मु यमंत्री लाडली बहना योजना 2023 का क्रियान्वयन दिनांक 05 मार्च 2023 से किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत प्रत्येक माह की 10 तारीख को मु यमंत्री लाड़ली बहना योजना 2023 अंतर्गत पंजीकृत अंतिम रूप से पात्र समस्त महिलाओं के आधार लिं ड डीबीटी इनेबल्ड बैंक खातों में आर्थिक सहायता राशि के अंतरण किया जा रहा है।

मु यमंत्री श्री चौहान के मु य आतिथ्य में बुधवार 04 अे टूबर 2023 को जिला बुरहानपुर में आयोजित हुए लाड़ली बहना कार्यक्रम के माध्यम से मु यमंत्री श्री चौहान ने योजना अंतर्गत माह अे टूबर से बढ़ी हुई 1250/- रूपये की राशि पंजीकृत बहनों के खाते में हस्तांरित की। मु यमंत्री लाड़ली बहना योजना अंतर्गत सिवनी जिले में 280485 पात्र महिला हितग्राहियों को भी लाभ के रूप में 1250/- की राशि प्राप्त हुई।

कले टर क्षितिज सिंघल के निर्देशानुसार स पूर्ण जिले में ग्रामवार एवं नगरीय वार्डवार कार्यक्रम का आयोजन कर राज्यस्तरीय कार्यक्रम को देखने एवं सुनने की व्यवस्था की गई थी। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, लाड़ली बहना सेना के सदस्य, जनसेवा मित्र, पेसा मोबिलाईजर, जन अभियान परिषद की प्रस्फुटन समिति, अंत्योदय समिति, महिला स्वसहायता समूह, स्वच्छता दूत, किसान मित्र, सहयोगिनी मातृ समिति, शौर्यादल के सदस्य एवं स्वयं सेवी संगठन भी कार्यक्रम में स मिलित हुये।

# प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अन्तर्गत कृषक स मेलन कृषि विज्ञान केन्द्र सिवनी में आज

**जनपदस्तर एवं ग्राम पंचायत पर भी आयोजित होगा कृषक स मेलन कार्यक्रम**

**20 करोड़ 86 लाख रूपये से अधिक दावा राशि का कृषकों को किया जाएगा वितरण**

सिवनी यशोः- जिला सतना में गुरूवार 05 अे टूबर 2023 को आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय किसान स मेलन कार्यक्रम अन्तर्गत प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना खरीफ एवं रबी वर्ष 2022-23 की दावा राशि एवं किसान स मान निधि की राशि, मु यमंत्री आवासीय भू अधिकार योजना, मु यमंत्री नगरीय भू अधिकार योजना एवं स्वामित्व योजना अन्तर्गत हितग्राही को भूमि स्वामी अधिकार पत्र, स्थाई पट्टों एवं अधिकार अभिलेख के वितरण कार्यक्रम आयोजित होगा।

उपसंचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग श्री मौरिस नाथ ने बताया कि कले टर श्री क्षितिज सिंघल के मार्गदर्शन कृषि विज्ञान केन्द्र सिवनी के सभाकक्ष में प्रातः 11 बजे से स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में कृषक स मलेन का जिलास्तरीय कार्यक्रम आयोजित होगा। उक्त कार्यक्रम के माध्यम से सिवनी जिले के 55097 कृषकों को 20 करोड़ 86 लाख रूपये की फसल बीमा वर्ष 2022-23 की दावा राशि का वितरण किया जाएगा। साथ ही कार्यक्रम के माध्यम से राज्यस्तरीय कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा व सुना जाएगा। इसी तरह उक्त कार्यक्रम जनपदस्तर एवं ग्राम पंचायत स्तर पर सभी ग्राम पंचायतों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में आयोजित होगा।

जिलास्तरीय कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिको द्वारा रबी फसलों हेतु तकनीकि मार्गदर्शन भी दिया जाएगा एवं कृषि से जुडे हुये विभिन्न विभागों द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी भी दी जावेगी। कले टर श्री सिंघल एवं उपसंचालक कृषि सिवनी द्वारा जिले के कृषकों से उक्त कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की है।

# कन्या छात्रावास में विधिक साक्षरता व जागरूकता शिविर व चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन

**गांधी जी समाज मे फैली छुआछुत, जातिगत भेदभाव व असमानता, महिलाओं के साथ भेदभाव के भी घोर विरोधी थे। उनके अहिंसा के सिद्धान्त को पूरी दुनिया ने सलाम किया, यही वजह है कि पूरा विश्व में 02 अ टूबर को अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस के रूप में मनाया जाता है।**



बालाघाट । गांधी जयंती व अंर्तराष्ट्रीय अहिंसा दिवस पर शासकीय आदिवासी महाविद्यालयीन कन्या छात्रावास में विधिक साक्षरता व जागरूकता शिविरव चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 03 अे ?टूबर 2023। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालाघाट द्वारा श्रीमान दिनेश चन्द्र थपलियाल प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष की मु य आतिथ्य एवं कुशल मार्गदर्शन में शासकीय आदिवासी महाविद्यालयीन कन्या छात्रावास में गांधी जयंती एवं अर्तराष्ट्रीय अहिंसा दिवस के अवसर पर विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर व चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उक्त विधिक जागरूकता शिविर में उपस्थित श्रीमान दिनेश चन्द्र थपलियाल प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष द्वारा सर्वप्रथम महात्मा गांधी की छायाचित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्जवलन किया गया। शिविर में उपस्थित छात्राओं को महात्मा गांधी जयंती की शुभकामनाएं देते हुए उन्होने कहा कि महात्मा गांधी की ताकत सत्य व अहिंसा के सिद्धान्त थे जिन पर चलकर आजादी की लड़ाई में कई आंदोलन किये और अंग्रेजो को भारत छोड़ने पर मजबूर कर दिया। गांधी के पास अद्भुत नेतृत्व क्षमता थी, उन्होने अपने प्रभावशील व्यक्तित्व व विचारों से स्वतंत्रता आंदोलन को जबरदस्त धार दी। गांधी जी समाज मे फैली छुआछुत, जातिगत भेदभाव व असमानता, महिलाओं के साथ भेदभाव के भी घोर विरोधी थे। उनके अहिंसा के सिद्धान्त को पूरी दुनिया ने सलाम किया, यही वजह है कि पूरा विश्व में 02 अे टूबर को अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस के रूप में मनाया जाता है। उनके विचार हमेशा से न सिर्फ भारत बल्कि पूरे विश्व का मार्गदर्शन करते आये है और आगे भी करते रहेंगें। उन्होंने कहा कि अपने और समाज की भीतर बदलाव लाकर ही हम शांतिपूर्ण एवं न्यायपूर्ण समाज का निर्माण कर पायेंगे। साथ ही प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश महोदय द्वारा उपस्थित छात्राओं से गांधी जी के जीवन से जुड़ी बातों के संबधो मे प्रश्न पूछे जिसका उत्तर छात्राओं के द्वारा सहजता से दिया गया। कार्यक्रम में उपस्थित श्री आसिफ अब्दुल्लाह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा कहा गया कि गांधी जी भारत की स्वाधीनता आंदोलन के प्रमुख चेहरे थे सिर्फ भारत ही नही बल्कि दुनिया भर में महात्मा गांधी जी को किसी परिचय की आवश्यकता नही। आजीवन अहिंसा और सत्य के मार्ग पर चलने वाले बापू ने स पूर्ण मानव जाति को मानवता का पाठ प-सजय़ाया बल्कि जीवन जीने सही तरीका भी सिखाया। श्री अब्दुल्लाह ने कहा कि हमें गांधी जी के सदेंशों को सम-हजयकर उनका अर्थ जानकर उनका अनुसरण करना चाहिए। साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री जीतेन्द्र मोहन धुर्वे द्वारा महात्मा गांधी से जुड़ी प्रेरक प्रसंग छात्राओं के साथ सा-हजया किये, उन्होने कहा कि अपने शक्तिशाली प्रण अहिंसा का प्रयोग करके भारत की स्वतंत्रता के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। उन्होने एक ल बा संघर्ष सहा ताकि भारत के लोग एक स्वतंत्र राष्ट्र में रह सकें। साथ ही निःशुल्क विधिक सहायता योजना के संबंध में भी छात्राओं को अवगत कराया गया। साथ ही जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा गांधी जयंती के अवसर पर छात्रववास में चित्रकला प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाली छात्राओं को माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा पुरूस्कार भी प्रदान किया गया। उक्त शिविर में छात्रावास की अधीक्षिका श्रीमति पुष्पलता मेश्राम, डिफेंस कांउसिंल के श्री मुकेश लिल्हारे, पैरालीगल वालेन्टियर सुश्री कमर सुल्ताना, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से श्री धनेन्द्र उपराड़े आदि उपस्थित रहें।

# 05 एवं 06 अे टूबर को जिला स्तरीय ओलं पयाड परीक्षा होगी विकासखण्ड स्तर पर

सिवनी यशोः- राज्य शिक्षा केन्द्र, भोपाल के पत्र क्र 2407 दिनांक 15/09/2023 के परिपालन में कले टर सह जिला मिशन संचालक क्षितिज सिंघल के निर्देशन एवं मु य कार्यपालन अधिकारी सह जिला परियोजना संचालक पवार नवजीवन विजय के मार्गदर्शन में दिनांक 05 एवं 06 अे टूबर 2023 को प्रातः 10 बजे से दोप. 3.30 तक जिला स्तरीय ओलं पयाड परीक्षा का आयोजन, प्रत्येक विकासखण्ड मु यालय पर किया जाना है। कक्षा 2 से कक्षा 8 तक के जनशिक्षा केन्द्र स्तरीय परीक्षा में चयनित हुए बच्चें जिला स्तरीय परीक्षा में स मिलित होगें। जिले के 80 जनशिक्षा केन्द्रों से प्रति जनशिक्षा केन्द्र विषयवार 52 बच्चों के अनुसार कुल 4160 परीक्षार्थी परीक्षा में विकासखण्ड स्तरीय 8 परीक्षा केन्द्रों में स मिलित होगें।

चयनित समस्त परीक्षार्थियों की शतप्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने, परीक्षार्थियों को जनशिक्षा केन्द्र से परीक्षा केन्द्र तक सुरक्षित लाने-ले जाने हेतु परिवहन व्यवस्था तथा भोजन व्यवस्था किये जाने हेतु समस्त बीआरसीसी को निर्देशित किया गया है। परीक्षा सामग्री का वितरण एवं संकलन परीक्षा दिनांक को निर्धारित रूट अनुसार जिला शिक्षा केन्द्र, सिवनी के माध्यम से किया जावेगा।

# ब्राह्मण समाज ने किया महाराजश्री का पादुका पूजन



सिवनी यशोः-परम पूज्य धर्म सम्राट द्विपीठाधीश्वर ब्रह्मलीन जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती जी महाराज श्री के परम शिष्य, अनंत श्री विभूषित ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज श्री के शिव की नगरी सिवनी में प्रथम नगर आगमन के शुभ अवसर पर जिला ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधि मंडल द्वारा महाराज श्री का पादुका पूजन कर अभिनंदन किया गया। साथ ही जिला ब्राह्मण समाज की ओर से समाज के जिला अध्यक्ष श्री ओम प्रकाश तिवारी द्वारा महाराज श्री को आमंत्रित करते हुए, पूज्य ब्रह्मलीन जगद्गुरु शंकराचार्य जी द्वारा प्राण प्रतिष्ठित सिद्ध, श्री माता राज राजेश्वरी व भगवान परशुराम मंदिर में शीघ्र पधारने का निवेदन किया गया।

इस शुभ अवसर पर ओम प्रकाश तिवारी (जिला अध्यक्ष ब्राह्मण समाज), भुवनेश्वर शु ला (कार्यकारी जिला अध्यक्ष), प्रशांत शु ला (जिला महासचिव), अशोक तिवारी (नगर अध्यक्ष), जुगल किशोर दुबे, शिव कुमार तिवारी, प्रदीप तिवारी, अतुल रामायणी, संदीप दुबे, अखिलेश पांडे (जिला अध्यक्ष, परशुराम वाहिनी), सूर्यकांत चतुर्वेदी (जिला महासचिव), श्रीमति गीता अवस्थी, श्रीमति सकुन्तला तिवारी, श्रीमति दुर्गेश्वरी शर्मा, श्रीमति मंजू दुबे, श्रीमति नीतू दुबे सहित बड़ी सं या में ब्राह्मण समाज के सदस्य गणों की गरिमामय उपस्थिति उल्लेखनीय रहीं।

# रिश्वत लेते गिर तार महिला लर्क को 4 वर्ष की सजा

सिवनी यशोः- प्रार्थी महेश प्रसाद पिता पूरनलाल सनोडिया निवासी ग्राम सागर थाना बंडोल ने लोकायुक्त जबलपुर को एक लिखित आवदेन दिया था कि वह दिनांक 31/08/ 2016 को अधोवाषिकी आयु पूर्ण होने के उपरांत शास. उन्नयन माध्य.शाला बकौडी संकुल केन्द्र शा. उ.मा. शाला भखारी से उच्च श्रेणी शिक्षक पद से सेवानिवृत्त हो चुका है, सेवानिवृत्त के पश्चात उसके स्वत्वों कुल 950000 रु का भुगतान नहीं होने के कारण वह विकास खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय सिवनी में पदस्थ मु य लिपिक उर्मिला अग्रवाल मेडम से संपर्क किया तो उन्होंने उससे कुल टोटल बिल में से 1 प्रतिशत अर्थात 9,500 रुपए रिश्वत की मांग की थी एवं बातचीत के दौरान मु य लिपिक अग्रवाल मेडम 500 रुपए रिश्वत ले ली थी और मोलभाव करने पर 5000 रुपए लेने को तैयार हो गई थी। उक्त सूचना के आधार पर लोकायुक्त पुलिस जबलपुर ने महिला लर्क को प्रार्थी महेश से 5000 रु लेते हुए रंगे हाथ पकड़ा था।लोकायुक्त पुलिस ने उसके विरुद्ध अपराध क्रमांक 391/2016, धारा 7,13(स्र), 13(2) भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर माननीय श्रीमान खालीद मोहतरम अहमद प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश सिवनी के न्यायालय में अभियोग पत्र प्रस्तुत किया गया जिसमें शासन की ओर से श्री नवलकिशोर सिंह विशेष लोक अभियोजक/ सहायक जिला अभियोजन अधिकारी ने साक्ष्य न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किये, अभियोजन के साक्ष्यों से सहमत होते हुए माननीय न्यायालय ने आरोपी उर्मिला अग्रवाल उम्र 60 वर्ष सिवनी को धारा 07 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम में तीन वर्ष का सश्रम कारावास एवं 2000 रुपए अर्थदंड, धारा 13(2) भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम में चार वर्ष का सश्रम कारावास एवं 2000 रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया।

# भूक प प्रभावित क्षेत्रों में एस.डी.ई.आर.एफ. / होमगार्ड दल द्वारा मॉकड्रिल कर किया जा रहा आमजनों को जागरूक





सिवनी यशोः- डिस्ट्रि ट कमाण्डेंट होमगार्ड सिवनी ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला मु यालय में विगत दिवसों से महसूस किए जा रहे भूकंप के झटकों के मद्देनजर कले टर श्री क्षितिज सिंघल के निर्देशों के परिपालन में प्लाटून कमाण्डर श्री धनेन्द्र अंगारे, हवलदार अनुदेशक श्री गौरीशंकर डोगरे एवं एस.डी.ई.आर.एफ. / होमगार्ड सिवनी के जवानों द्वारा सिवनी भूकंप प्रभावित क्षेत्र डूंडासिवनी में जन जागरूकता अभियान तहत कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें दल द्वारा उपस्थित जनता को भूकंप से बचाव संबंधी कार्यवाही का मॉक ड्रिल के माध्यम से जागरूक किया गया। कमाण्डेंट होमगार्ड सिवनी ने बताया कि उक्त अभियान मु यालय के भूंकप प्रभावित क्षेत्रों में सतत जारी रहेगा।

# अकेन-बेतवा लिंक परियोजना बुंदेलखंड की युगांतकारी परिवर्तन-वाहिनी

**-विष्णु दत्त शर्मा**

बुंदेलखंड की दो दशक पुरानी आस अब पूरी हो रही है। 18 साल से लंबित केन-बेतवा लिंक परियोजना का शुभारंभ क्षेत्र की प्यास के बुझने के साथ ही जीवन बदलने का ऐतिहासिक पड़ाव भी है। चार दशक से बुंदेलखंड की जनता को जिस दिन का बेसब्री से इंतजार था। वह दिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृढ़संकल्प से आ गया है। जिस सपने को भाजपा सरकार में ही पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल जी ने देखा और देश में 37 नदियों को आपस में जोड़कर जल संकट को दूर करने का बीड़ा उठाया था, जिसमें केन-बेतवा लिंक परियोजना भी थी, उसे अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में मूर्त रूप मिल गया है। यह भारत की पहली नदी जोड़ो परियोजना है। इसको अंतर्राज्यीय नदी हस्तांतरण मिशन के लिये एक मॉडल योजना के रूप में माना जाता है। लेकिन दुर्भाग्य से अटल जी के बाद की यूपीए सरकार ने इसमें रुचि नहीं दिखायी। हालांकि उन्होंने बुन्देलखंड की दुर्दशा पर राजनीतिक रोटियाँ खूब सेकीं। स्मरण रहे कि जब अटल जी ने नदियों को जोड़ने की जो परिकल्पना की थी, उनमें से केन-बेतवा पहला लक्ष्य था। देश में जल के संकट से सर्वाधिक प्रभावित बुन्देलखंड का ही क्षेत्र था, जिसका निदान मानवता की माँग थी। भाजपा सरकार क्षेत्र के इस जीवन-संकट को समझ रही थी।

स्वाधीन भारत में सर्वाधिक राजनितिक रोटियाँ बुंदेलखंड के पिछड़ेपन पर ही सेकी गईं। राजनीतिक पर्यटकों ने इसकी दुर्दशा की तस्वीरों को देश-विदेश में भी खूब प्रचारित किया, लेकिन जिनके हाथों में सात दशक तक इसके तकदीर की चाभी थी, उन्होंने उससे हर बार छल किया और बुंदेलखंड की दशा जस की तस बनी रही। जिस बुंदेलखंड के वीरता की गाथाएँ साहस देती हैं, वही बुंदेलखंड पानी के समर में कई दशकों से मात खाता रहा। उजड़ते गाँव और पलायन बुंदेलखंड की त्रासदी का वृतांत बताते हैं। भयानक सूखे की मार से बेहाल हो चुके बुंदेलखंड को कॉंग्रेस सरकारों ने केवल नारेदिये और हर बार चुनाव बाद भुला दिया। बुंदेलखंड की जनता के जीवन में हर दिन अंधकार और अधिक घना होता गया और सपनों के सौदागर उन्हें सब्जबाग दिखाते रहे। कड़वा सच है कि विगत दशकों में बुन्देलखंड से करोड़ों लोग पलायन कर गये। पशुधन को बचाना, कृषि कार्य करना, जीवन के लिए जरूरी पानी जैसी समस्याएँ बुन्देलखंड की नसीब बन गयीं और जन-जीवन में और अँधेरा छाता चला गया।

लेकिन जब सच्ची नीयत वाला नेतृत्व मिलता है तो लोकतंत्र में वह दिन आ ही जाता है, जब एक नया सवेरा अँधेरों छांट देता है। बुंदेलखंड के इतिहास में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ऐसा सवेरा लाने वाले सूरज की तरह हैं। मोदी जी के नेतृत्व का ही फल है कि जल, वन-भूमि साझाकरण और अधिग्रहण में आने वाली कठिनाईयों से जूझ रही केन-बेतवा लिंक परियोजना अब शुरू हो रही है। यह अकाट्य तथ्य है कि श्री मोदी जी के प्रयास से ही इस महान परियोजना की अनेक अड़चनें दूर हुई और विश्व जल दिवस पर 8 मार्च को प्रधानमंत्री की उपस्थिति में यूपी और एमपी सरकारों ने इसके लिए अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए थे। सारी बाधाओं को पार कर अब मोदी सरकार ने 45 हजार करोड़ वाली केन-बेतवा लिंक जैसी बहुप्रतीक्षित परियोजना को जमीन पर उतार कर यहाँ समाज-जीवन की सरलता के सारे मार्ग प्रशस्त कर दिये हैं। इस परियोजना में 90 प्रतिशत राशि केंद्र सरकार देगी और शेष मध्यप्रदेश व उत्तर प्रदेश वहन करेंगे। इसके तहत केन नदी से बेतवा नदी में पानी भेजा जाएगा और 221 किलोमीटर लंबी संपर्क नहर निकाली जाएगी, जो झांसी के निकट बरुआ में बेतवा नदी को जल उपलब्ध कराएगी। केन-बेतवा लिंक प्रोजे ट से नॉन मानसून सीजन (नवंबर से अप्रैल के बीच) में क्रमशः मध्यप्रदेश को 1834 तथा उत्तर प्रदेश को 750 मिलियन ` यूबिक मीटर पानी मिल सकेगा। इसका लाभ मध्य प्रदेश में बुंदेलखंड के छतरपुर, पन्ना, टीकमगढ़, निवाड़ी, दमोह, सागर और दतिया के साथ-साथ शिवपुरी, विदिशा और रायसेन सहित अन्य जिलों को भी मिलेगा। केन-बेतवा लिंक कार्य के पूरा हो जाने से जहां 8 लाख 11 हजार हे टेयर में सिंचाई की सुविधा पहुंचाई जा सकेगी, वहीं 41 लाख लोगों को सहज तौर पर पीने का पानी मिल पाएगा। बुंदेलखंड में आने वाले उत्तर प्रदेश के 2 लाख 52 हजार हे टेयर क्षेत्र में सिंचाई और पेय जल की सुविधा भी इससे मिल सकेगी। बाद में 103 मेगा वाट पनबिजली और 27 मेगावाट सौर ऊर्जा भी पैदा की जा सकेगी।

भले ही देश में जल-संकट पर छिटपुट चर्चाएँ होती रहीं हों परन्तु यह एक अटल सत्य है कि 1999 में एनडीए सरकार बनने के बाद तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल जी ने ही पहली बार नदी जोड़ो परियोजना पर काम शुरू किया था। उस समय एक टॉस्क फोर्स का गठन करके आधारभूत कार्य किया गया। इस टॉस्क फोर्स ने देश की नदियों का वर्गीकरण करके एक रूपरेखा रखी कि किन नदियों को जोड़कर देश को पानी की समस्या से मुक्ति दिलाई जा सकती है। हालांकि 2004 में यूपीए सरकार बनते ही यह योजना ठंडे बस्ते में डाल दी गई। यूपीए की सरकार ने 10 साल नदी जोड़ो परियोजना घोर अनदेखी की। यह रवैया कॉंग्रेस के झूठे विकास की बानगी भी है जो इतिहास के पन्नों में सदा दर्ज रहेगी। कॉंग्रेस की संवेदनहीनता का परिणाम बुंदेलखंड की जनता को भुगतना पड़ा है। लेकिन अब यहां की जनता का जीवन बदलने का रास्ता खुल गया है।

मोदी सरकार ने सक्रियता से केन-बेतवा लिंक परियोजना के लिए शुरू में ही राष्ट्रीय जल विकास प्राधिकरण को इसकी कमान सौंपी तथा प्राधिकरण की मॉनिटरिंग का जि मा केंद्रीय जल संसाधन मंत्री को दिया ताकि यह कार्य तेज गति से पूरा हो सके। इसके लिए अप्रैल 2015 में एक स्वतंत्र कार्यबल भी गठित किया था। आज उसी सक्रियता, सुशासन और कार्य-संस्कृति का परिणाम है कि देश की पहली नदी जोड़ो परियोजना के रूप में केन-बेतवा लिंक प्रारंभ हो रही है और बुंदेलखंड की जनता का यह महान सपना पूरा हो रहा है।

मोदी सरकार द्वारा निर्मित बुंदेलखंड की जीवन रेखा केन-बेतवा लिंक परियोजना अब यहां युगांतकारी परिवर्तन लाएगी। जल-संकट खत्म होने के साथ ही महिलाओं के जीवन में बड़ा बदलाव आएगा। उन्हें मीलों सिर पर पानी ढोने से निजात मिलेगी। पानी की उपलब्धता से स्वच्छता बढ़ेगी और उनका स्वास्थ्य भी ठीक रहेगा। इस परियोजना से बुंदेलखंड में सामाजिक-सांस्कृतिक-आर्थिक स्तर ऊँचा होगा। नहरों का विकास होगा, पनबिजली से सस्ती बिजली मिलेगी तथा वनीकरण भी बढ़ेगा। आर्थिक समृद्धि आने से जीवन बदलेगा और बुंदेलखंड की सांस्कृतिक धरोहरों के प्रति रुझान बढ़ेगा तो पर्यटन उद्योग भी निखरेगा। खाद्य स पन्नता और रोजगार के अवसर मिलेंगे तो पलायन पर विराम लगेगा।आज जिसबुंदेलखंड की पहचान अकाल और सूखा की है, वह बुंदेलखंड भविष्य में हरियाली से पहचाना जाएगा। जो बुंदेलखंड गरीबी से जाना जाता है,वह समृद्ध बुंदेलखंड बनेगा और भविष्य में अपने गौरवशाली अस्मिता के साथ सारी दुनिया को आकर्षित करेगा।

## प्रत्येक कर्मचारी निर्वाचन दिवस की पूरी प्रक्रिया को समझें - डॉ. सिडाना



**कले टर ने किया मतदानकर्मियों के प्रशिक्षण का निरीक्षण**

मंडला यशोः- विधानसभा आम निर्वाचन 2023 की तैयारियों के तहत मतदानकर्मियों का प्रारंभिक प्रशिक्षण स्थानीय मोंटफोर्ट विद्यालय में जारी है जिसमें मतदानकर्मियों को मतदान केन्द्र प्रबंधन, ईव्हीएम मशीन का संचालन, मॉकपोल, टेगिंग आदि के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की जा रही है। कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ सलोनी सिडाना ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण करते हुये संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये।

मतदानकर्मियों को संबोधित करते हुये कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सलोनी सिडाना ने कहा कि निर्वाचन कार्य में थोड़ी सी चूक और लापरवाही नुकसानदायक साबित होती है। उन्होंने कहा कि सभी लोग मतदान दिवस की पूरी प्रक्रिया को समझें। ईव्हीएम मशीन के कने शन और संचालन की प्रक्रिया समझें। प्रशिक्षण के दौरान मॉकपोल करके देंखे। अपनी शंका और जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त करें। कले टर ने कहा कि प्रत्येक कर्मचारी मतदान दिवस की पूरी प्रक्रिया को समझे और सौंपे गये कार्य को एक टीम के रूप में पूरा करें। मतदान की प्रक्रिया को बेहतर ढंग से समझें ताकि एक टीम के रूप में मतदान को संपन्न करा सकें। उन्होंने मास्टर ट्रेनर्स को प्रत्येक प्रशिक्षणार्थी को ईव्हीएम मशीन की संचालन प्रक्रिया सीखने के लिये पर्याप्त अवसर प्रदान करने के निर्देश दिये। इस दौरान एसडीएम बिछिया सर्जना यादव, एसडीएम घुघरी सोनल सिडान, मास्टर ट्रेनर्स डॉ टीपी मिश्रा, डॉ श्रीकांत श्रीवास्तव, डॉ डीके रोहतास, डॉ. अनिल गुप्ता सहित संबंधित उपस्थित रहे। मतदानकर्मियों का यह प्रशिक्षण 7 अ टूबर तक 6 चरणों में आयोजित किया जा रहा है।

# वृध्दाश्रम में निवासरत वृध्दजनों का किया गया स मान

## वृध्दजनों के मध्य आयोजित की गई खेल प्रतियोगिता

सिवनी यशोः- अंतर्राष्ट्रीय वृध्दजन दिवस के अवसर पर कले टर श्री क्षितिज सिंघल के मार्गदर्शन में विगत दिवस वृद्धाश्रम सिवनी में वृध्दजन स मान कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत जनपद पंचायत अध्यक्ष सिवनी श्रीमती किरण भालवी एवं मु य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सिवनी श्री पवार नवजीवन विजय द्वारा मॉ सरस्वती के चरणों में पुष्प-अर्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर की गई तथा मु य अतिथियों द्वारा वृद्धजनो का पुष्पमाला, गमच्छा एवं श्रीफल से स मान कर उनके दीर्घ आयु एवं स्वास्थ्य रहने की कामना की गई।

इस अवसर पर उपसंचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांजन सशक्तिकरण विभाग सिवनी श्री बीरेश सिंह बघेल ने बताया कि वरिष्ठ नागरिको को विभिन्न सुरक्षा उपायों एवं कार्यक्रमों के माध्यम से शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं स मानजनक ढंग से जीवन यापन का अवसर प्रदान करने एवं अन्य वरिष्ठ नागरिको के प्रति



आदर एवं स मान का भाव जागृत करने के साथ नागरिकों को वृद्धजनों के अधिकारो की जानकारी दी गई। साथ ही वृध्दजनों के माध्यम खेलकूद प्रतियोगिता का भी आयोजना किया गया। जिसमें वृद्धाश्रम में निवासरत महिला एवं पुरूषों द्वारा कुर्सी दौड, बॉल पासिंग, जलेबी दौड एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सहभागिता बढ-चढकर हिस्सा लिया गया।

महिला बॉल पासिंग प्रतियोगिता में प्रथम श्रीमती सुकमनी उइके, द्वितीय श्रीमती सुदामा जयसवाल एवं तृतीय स्थान पर श्रीमती मल्ली भोई विजेता रही, एवं पुरूष बॉल पासिंग प्रतियोगिता में प्रथम श्री राजमणी कुशवाहा, द्वितीय श्री धनीराम, एवं तृतीय स्थान पर श्री अन्नू वर्मा विजेता रहें। महिला एवं पुरूष वर्ग कुर्सी दौड प्रतियोगिता में प्रथम श्री धनीराम, द्वितीय हरचंद साहू एवं तृतीय स्थान पर श्री फिरोज अहमद विजेता रहें। महिला जलेबी दौड प्रतियोगिता में प्रथम सुकमनी बाई श्रीमती छुट्नबाई, द्वितीय श्रीमती घसीटी साहू एवं तृतीय स्थान पर विजेता रही। पुरूष जलेबी दौड प्रतियोगिता में प्रथम श्री हरचंद साहू, द्वितीय श्री फिरोज अहमद,एवं तृतीय स्थान पर श्री अर्जुन यादव विजेता रहें। इसके पश्चात करूणा कर भजन मण्डल द्वारा भजन-कीर्तन किया गया जिसे वृध्दजन सुनकर अति प्रसन्नचित हुये।

मु य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सिवनी ने अपने उदबोधन में कहा कि वृध्दाश्रम एक परिवार की तरह है। उन्होंने आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 में मतदान हेतु सभी वृद्वजनों को अपने मत का उपयोग एवं मतदान का अधिकार बताते हुये, पूर्ण रूप से मतदान करने को कहा गया एवं सभी वृद्वजनों को स्वास्थ्य रहने की कामना की। प्रतियोंगिताओं में विजेता रहे सभी वृद्धजनों को पुरुष्कृत किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन श्री रोमनसिंह मरावी द्वारा किया गया। इस अवसर पर उपसंचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग सिवनी एवं वृध्दाश्रम सिवनी के अधिकारी एवं कर्मचारियों की उपस्थिति सराहनीय रही।

## ढ़ीमर मांझी आरक्षण की मांग को लेकर भोपाल में महापंचायत 5 अ टूबर को आयोजित

मण्डला यशोः- मध्यप्रदेश मांझी जनजाति संयुक्त संघर्ष समिति मण्डला के जिलाध्यक्ष श्रीलाल नंदा ने बताया कि पिछड़ा वर्ग सूची क्रमांक 12 पर अंकित जाति समूह ढ़ीमर, भोई, कहार, केवट मल्लाह निषाद, आदि को विलोपित करने व अन्य मांगो के संबंध में भोपाल में 5 अ टूबर को छोला रोड रेलवे स्टेशन के पास मिलन मैरिज गार्डन में महापंचायत आयोजित की गयी है। मध्यप्रदेश मांझी जनजाति संयुक्त संघर्ष समिति के तत्वाधान में समाज की मांगों को लेकर महापंचायत के माध्यम से सरकार का ध्यान आकर्षित कराया जायेगा। जिले की संयुक्त संघर्ष समिति के संरक्षक थामन बरमैया ने समस्त वंशानुगत ढ़ीमर मांझी समाज के स मानित भाई बहनों मातृशक्ति युवाओं से इस महापंचायत में अधिक से अधिक सं या में शामिल होने की अपील की है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश मांझी जनजाति संयुक्त संघर्ष समिति मांझी समाज के संवैधानिक अधिकारों के लिए संघर्ष करने वाले समाज के कार्यकर्ताओं का योगदान आने वाली युवा पीढ़ी के बेहतर भविष्य के लिए मिशाल बनेगी। इस आयोजन में जिले के सभी सामाजिक बंधुओं को अपनी बात रखने का अवसर मिलेगा। समाज की मांगों को लेकर महापंचायत के माध्यम से सरकार का ध्यान आकर्षित कराया जायेगा।

# मण्डला मेडिकल कॉलेज की आधारशिला रखेंगे मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान

## केंद्रीय मंत्री कुलस्ते के मु य अतिथ्य में आयोजित होगा मण्डला में कार्यक्रम

मण्डला यशोः- मण्डला जिला मु यालय में राजा ह्रदयशाह के नाम से शासकीय मेडिकल कॉलेज की आधारशिला प्रदेश के मु यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान, वर्चुअल माध्यम से रखेंगे। इस अवसर पर मण्डला में आयोजित मेडिकल कॉलेज के भूमिपूजन कार्यक्रम में मण्डला सांसद केंद्रीय इस्पात ग्रामीण विकास राज्यमंत्री श्री फग्गनसिंह कुलस्ते मु य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। जिला मीडिया प्रभारी सुधीर कसार ने बताया कि जिले के नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिले इसके लिए केंद्रीय राज्यमंत्री श्री फग्गनिसंह कुलस्ते ने





निरंतर प्रयास कर मेड्किल कॉलेज की सौगात जिले के नागरिकों के लिए प्रदान की है। मेडिकल कॉलेज के शिलान्यास कार्यक्रम में मु यमंत्री श्री चौहान बालाघाट में आयोजित कार्यक्रम से वर्चुअल माध्यम से जुड़ेगें। मेडिकल कॉलेज का शिलान्यास ग्राम पंचायत आमानाला हाईवे के निकट स्थित आवंटित भूमि में दोपहर 3 बजे किया जायेगा। इस कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष श्री भीष्म द्विवेदी,विधायक श्री देवसिंह सैयाम, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री संजय कुशराम, पूर्व राज्यसभा सांसद श्रीमति संपतिया उइके, पूर्व विधायक डॉ शिवराज शाह, नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा,सहित पार्टी के वरिष्ठ नेतृत्व एवं जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी उपस्थित रहेगें।

**325 करोड़ की लागत से बनेगा मेडिकल कॉलेज**

केंद्रीय मंत्री श्री फग्गनसिंह कुलस्ते के प्रयास से स्वास्थ्य मंत्रालय भारत सरकार द्वारा 2019 में मेडिकल कॉलेज की मंजूरी दी गयी थी साथ ही मेडिकल कॉलेज के निर्माण एवं अन्य अधोसंरचना विकास के लिए 325 करोड़ रूपये की स्वीकृति केंद्र व राज्य सरकार ने संयुक्त रूप से जारी किया था जिसमें 195 करोड़ केंद्र सरकार तथा 130 करोड की राशि राज्य सरकार के द्वारा स्वीकृत किये गये हैं मेडिकल कॉलेज के निर्माण के साथ ही शीघ्र ही मण्डला में मेडिकल कॉलेज का पाठ्यक्रम भी आरंभ किया जायेगा। मेडिकल कॉलेज के भवन निर्माण की टेंडर प्रक्रिया मई 2023 में पूर्ण की जा चुकी है। निर्माण एजेंसी मध्यप्रदेश भवन विकास निगम को तय किया गया है साथ ही टेंडर बी.पी.कस्ट्रं शन कंपनी को मिला है जो शीघ्र ही निर्माण कार्य आरंभ करेगी।

## संतोष तिवारी को मिली 5 हजार की तात्कालिक सहायता



मंडला यशोः- प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई में कले टर डॉ. सलोनी सिडाना के निर्देश पर जनसुनवाई में जरूरतमंदों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप तत्काल सहायता भी उपलब्ध कराने के प्रयास किए जाते हैं। मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में जिले के नैनपुर निवासी संतोष तिवारी ने पुत्री के इलाज हेतु कले टर को आवेदन देकर अपनी समस्या से अवगत कराया। कले टर डॉ. सलोनी सिडाना ने रेडक्रॉस सोसायटी के माध्यम से आवेदक को 5 हजार रूपए का चैक देकर तत्काल सहायता उपलब्ध कराई। आर्थिक सहायता प्राप्त होने पर संतोष तिवारी ने जिला प्रशासन के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया है।

## जनसुनवाई में सुनी गई 135 आवेदकों की समस्याएँ



मंडला यशोः- कले टर डॉ. सलोनी सिडाना ने मंगलवार को जिला योजना भवन में आयोजित जनसुनवाई में आमजन की समस्याएं सुनीं। जनसुनवाई में अलग-अलग अनुविभागों से आए कुल 135 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किये। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को जनसुनवाई में प्राप्त सभी आवेदनों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्रेयांश कूमट, अपर कले टर राजेन्द्र कुमार सिंह, संयुक्त कले टर सीएल वर्मा, अतिरिक्त जिला पंचायत सीईओ क्षमा सराफ सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी मौजूद थे। जनसुनवाई में रेलवे स्टेशन रोड महाराजपुर निवासी सोनू सिंह ने रोड निर्माण कार्य के भुगतान के संबंध में, सुरजपुरा निवासी हरिश्चंद्र सरौते ने मजदूरी भुगतान, बूढ़ीमाई वार्ड महाराजपुर निवासी किरण तिवारी ने लाड़ली बहना आवास, ग्राम पंचायत डोंगरमंडला निवासी तुलसीराम धुर्वे ने पेयजल योजना का लाभ दिलाने तथा ग्राम भवरदा निवासी गंगाबाई यादव ने संबल योजना के संबंध में आवेदन दिए। जनसुनवाई में अनेक विषयों से संबंधित आवेदन भी प्रस्तुत किए

## निर्वाचन से संबंधित कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करें - डॉ. सिडाना

**समय-सीमा की बैठक में कले टर के निर्देश**

मंडला यशोः- समय-सीमा एवं विभागीय समन्वय समिति की बैठक में कले टर डॉ. सलोनी सिडाना ने निर्देशित किया सभी अधिकारी, कर्मचारी निर्वाचन से संबंधित कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करें। से टर तथा नोडल सहित समस्त अधिकारी सौंपे गए दायित्व का निर्धारित समयावधि में पूर्ण करें। निर्वाचन कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही पर स त कार्यवाही की जाएगी। जिला योजना भवन में संपन्न हुई इस बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, एडीएम राजेन्द्र कुमार सिंह सहित संबंधित



अधिकारी उपस्थित रहे।

कले टर डॉ. सलोनी सिडाना ने निर्देशित किया कि सभी शासकीय अधिकारी, कर्मचारी निर्वाचन से संबंधित दायित्वों के निर्वहन में निष्पक्षता का ध्यान रखें। आदर्श आचरण संहिता का स ती से पालन सुनिश्चित करें। अवकाश के संबंध में जारी किए गए निर्देशों का पालन करें। कले टर ने कहा कि आदर्श आचरण संहिता लागू होते ही 24 घंटे में संपत्ति विरूपण की कार्यवाही पूर्ण करें। संबंधित विभाग इस संबंध में आवश्यक तैयारियां पूर्ण करें। उन्?होंने कहा कि से टर अधिकारी आवंटित क्षेत्र का भ्रमण करें तथा मतदान केन्द्रों में मूलभूत सुविधाओं की जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करें।

**टीएल प्रकरणों को गंभीरता से लें**

कले टर डॉ. सलोनी सिडाना ने निर्देशित किया कि सभी अधिकारी टीएल के प्रकरणों को गंभीरता से लेते हुए उनका समय-सीमा में उचित जवाब प्रस्तुत करते हुए निराकरण की कार्यवाही करें। इसी प्रकार सीएम हेल्पलाईन तथा जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों को भी सकारात्मक रूप से निराकृत करें। बैठक में कले टर ने मु यमंत्री लाड़ली बहना योजना, बैगा आहार अनुदान सहित अन्य योजनाओं की विस्तार से समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए।

**निर्माण कार्यों की समीक्षा**

बैठक में कले टर डॉ. सलोनी सिडाना ने डीएमएफ, बस्ती विकास सहित अन्य मदों से स्वीकृत निर्माण कार्यों की स्थलवार समीक्षा की। उन्?होंने कहा कि प्रगतिरत कार्यों को उचित गुणवत्ता के साथ समय पर पूर्ण कराएं। तकनीकि अमला कार्यों का निरीक्षण करते हुए आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान करें। मंडला एवं नैनपुर नगर की सड़क निर्माण तथा मर मत के कार्यों को जल्द पूरा कराएं। कले टर ने सभी अधिकारियों को विभाग के तहत प्रारंभ एवं अप्रारंभ कार्यों की सूची जिला निर्वाचन कार्यालय में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

# राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री शास्त्री की जयंती पर नपा ने लिया स्वच्छता और नशामुक्ति का संकल्प

## नगर में निकाली स्वच्छता रैली, नगर में दीपावली तक चलेगा स्वच्छता अभियान

बालाघाट। देश के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की 2 अ टूबर को जन्म जयंती नगरपालिका में केबिनेट मंत्री गौरीशंकर बिसेन के मु य आतिथ्य में मनाई गई। इस दौरान नपाध्यक्ष श्रीमती भारती सुरजीतसिंह ठाकुर, उपाध्यक्ष योगेश बिसेन, सभापति संगीता खगेश कावरे, मानक बर्वे,वकील वाधवा,राज हरिनखेरे,रैना सुराना,संगीता छोटू थापा विधायक प्रतिनिधि सुरजीतसिह ठाकुर, सीएमओ निशांत श्रीवास्तव सहित नपा के सभी विभागो के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

जहां सभी को मु य अतिथि केबिनेट मंत्री गौरीशंकर बिसेन ने स्वच्छता और नशामुक्ति की शपथ दिलाई। इस दौरान मंत्री बिसेन ने कहा कि स्वच्छता, एक साझा जि मेदारी है



और इसके लिए किये जाने वाला हर प्रयास अहमियत रखता है। स्वच्छ भविष्य की शुरुआत के लिए इस स्वच्छता जैसे उत्कृष्ट प्रयास में हम सभी शामिल रहे, यही हम सबका दायित्व है। स्वच्छता का स्वास्थ्य एवं समृद्धि से गहरा संबंध है। स्वच्छता, प्रगति की परिचायक है। जहां स्वच्छता नहीं होती है, वहां प्रगति और समृद्धि अवरूद्ध हो जाती है।इसिलिये हमारे देश यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वच्छ भारत-स्वस्थ्य भारत के संकल्प को साकार कर पूज्य बापू महात्मा गांधी को सच्ची श्रद्धांजलि दें।

नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती भारती सुरजीतसिंह ठाकुर ने कहा कि स्वच्छता से होने वाली प्रगति और समृद्धि अवरूद्ध ना हो, इसके लिए हम सभी को अपने घर, मोहल्ले, वार्ड एवं नगर में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखकर अपने नगर को स्वच्छ एवं स्वस्थ्य बनाना है। स्वच्छता के लिए हम अपने घर के गीले एवं सूखे कचरे को हरी एवं नीली टोकरी में अलग-अलग रखे तथा कचरा वाहन के निर्धारित खंड में डाले। हम सभी जानते है कि पॉलीथिन हमारे पर्यावरण एवं सामाजिक स्वास्थ्य के लिए कितना हानिकारक है। अतः अपने नगर को पॉलिथिन मुक्त बनाने के लिए प्लास्टिक के थैलियों का प्रयोग बंद करने में सहयोग करें। हम संकल्प ले कि अपने परिवेश, वातावरण को प्रदूषण एवं पॉलिथीन मुक्त रखने के लिए शत प्रतिशत योगदान देंगे। नपाध्यक्ष श्रीमती ठाकुर ने कहा कि नशा व्यक्ति को सामाजिक, आर्थिक एवं शारीरिक पतन की ओर ले जाता है, यह परिवार, समाज और राष्ट्र के विकास के लिए हानिकारक है। एक जि मेदार नागरिक होने के नाते हम संकल्प ले कि स्वस्थ्य एवं सामर्थ्यवान राष्ट्र के निर्माण के लिए हम हर प्रकार के व्यसन से दूर रहेंगे और लोगों को जागरूक करने का काम करेंगे।

**स्वच्छता रैली को मंत्री बिसेन ने दिखाई हरी झंडी**

नगरपालिका में स्वच्छता और नशामुक्ति की शपथ और उद्बोधन के बाद नगरपालिका से स्वच्छता रैली निकाली गई। जिसे मंत्री गौरीशंकर बिसेन ने हरी झंडी दिखाई। यह स्वच्छता रैली, स्वच्छता का संदेश देते हुए उत्कृष्ट विद्यालय मैदान पहुंची। जहां नपा जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और कर्मचारियों ने यहां सफाई का संदेश दिया।

## मद्य निषेध सप्ताह 8 अ टूबर तक

सिवनी यशोः- उपसंचालक सामाजिक न्याय विभाग सिवनी द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि कले टर श्री क्षितिज सिंघल के मार्गदर्शन में 2 अ टूबर गांधी जयंती दिवस से 08 अ टूबर तक ''मद्य निषेध सप्ताह'' का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर शासन द्वारा दिये गये निर्देशानुसार समस्त विभागो, सामाजिक संगठनों, अशासकीय संस्थाओं, समाज सेवीओं की सहभागिता सुनिश्चित करते हुये विभिन्न कार्यक्रम, गतिविधियों के माध्यम से नशे के विरूद्व समाज में जनजागृति जनचेतना, अवेयरनेस का निमार्ण किया जावेगा। उपसंचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सषक्तिकरण वीरेश सिंह बघेल ने बताया कि ''मद्य निषेध सप्ताह अंतर्गत बच्चे, युवाओं एवं महिलाओं को विशेष रूप से फोकस करते हुये जिला एवं विकासखंड मु यालय पर संचालित विद्यालय/महाविद्यालय/पॉलिटेकनिक कॉलेज/आई.टी.आई. में मद्य निषेध सप्ताह'' अतंर्गत नशामुक्ति शपथ, निबंध, चित्रकला, वाद-विवाद, रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की जाकर विद्यालयीन/महाविद्यालयीन छात्र/छात्राओं की मैराथन दौड, साइकिल/ मोटरसाइकल रैली निकाली जावेगी तथा प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पर आये प्रतिभागियों को पुरूस्कार एवं प्रमाण पत्र से पुरूस्कृत किया जायेगा। उक्त कार्यक्रम के लिए विकासखंड मु यालय पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी नोडल एवं समग्र सामजिक सुरक्षा विस्तार अधिकारी जनपद पंचायत सहायक नोडल अधिकारी होगे। मु य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सिवनी पंवार नवजीवन विजय ने समस्त जनपद पंचायतों के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों में सभा का आयोजन कर नशामुक्ति की शपथ दिलाये जाने एवं समस्त शासकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई जाने हेतु निर्देशित किया है।

दैनिक यशोन्नति की और खबरों तथा वीडिओ के लिये एप डाउनलोड करें -https://dainikyashonnati. com

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक राजेश अग्रवाल द्वारा,नवीन प्रिंटर्स बीझांवाड़ा रोड अकबर वार्ड सिवनी से मुद्रित एवं काली चौक टैगौर वार्ड सिवनी से प्रकाशित संपादक- मनोज मर्दन त्रिवेदी ईमेल-yasonati@gmail.com न्यायालीन क्षेत्र अधिकार सिवनी , 9425843297